दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रकाशित >>> दिल्ली >>> गाजियाबाद >>> नोएडा >>> ग्रेटर नोएडा >>> हापुड़ >>> अमरोहा >>> बागपत >>> मेरठ >>> मुजफ्फर नगर >>> बिजनौर >>> मुरादाबाद >>> बुलंदशहर >>> अलीगढ़ >>> फरीदाबाद >>> गुड़गांव >>> सोनीपत RNI-UPHIN/2009/30721




शुक्रवार 18 जुलाई 2025
सुर्योदय प्रातः 05 :35 बजे
सूर्यास्त सांय 19 : 20 बजे

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 भारत का दुश्मन है चीन के पास जाना देशहित में नहीं

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्षः 16 | अंक : 273 | गाजियाबाद, शुक्रवार 18 जुलाई 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946







## सुप्रीम कोर्ट ने कुमारस्वामी को अवमानना मामले में दी राहत

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी को अदालती अवमानना कार्यवाही में आरोपी बनाने से संबंधित कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक आदेश पर गुरुवार को रोक लगाकर उन्हें राहत दी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने निर्देश दिया कि श्री कुमारस्वामी को अवमानना मामले में आरोपी बनाने संबंधी कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को स्थगित रखा जाए। पीठ ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा के पुत्र एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री तथा जनता दल सेक्युलर नेता की ओर से दायर एक याचिका पर गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'समाज परिवर्तन समुदाय' को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने इस मामले में लोकायुक्त जाँच बंद होने के बावजूद अवमानना कार्यवाही जारी रखने के औचित्य पर भी मौखिक रूप से सवाल उठाया।

## मोदी शुक्रवार को बिहार, पश्चिम बंगाल के दौरे पर जायेंगे

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को बिहार तथा पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे और वह 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण करेंगे। इनमें रेलवे, सड़क, गैस, ऊर्जा, मत्स्य पालन, आईटी और ग्रामीण विकास जैसे कई क्षेत्रों की योजनाएं शामिल हैं। श्री मोदी सबसे पहले कल बिहार में पहुंचकर पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे मोतिहारी में 7200 करोड़ रुपये से अधिक की रेल, सड़क, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से संबंधित विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह इसके बाद एक समारोह को संबोधित करेंगे।

## मोदी ने किया देश को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा काम-शाह

✷ वेबवार्ता. जयपुर ✷। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में लोककल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने के साथ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर देश को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा काम करते हुए समृद्ध एवं विकसित भारत के सपने को जमीन पर उतरने का काम किया हैं। श्री शाह गुरुवार को जयपुर जिले के दादिया गांव में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर आयोजित सहकार एवं रोजगार उत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## असम में आईईडी विस्फोट की साजिश मामला : एनआईए ने दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। असम के दिसपुर में उल्फा (आई) आतंकी संगठन द्वारा 2024 के स्वतंत्रता दिवस पर विस्फोट की साजिश के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने विस्फोट की साजिश के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। असम के दिसपुर में स्वतंत्रता दिवस 2024 को उल्फा (आई) आतंकी संगठन द्वारा आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) लगाने की साजिश के मामले में दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। आरोपियों की पहचान डिब्रूगढ़ जिले के निवासी भार्गोब गोगोई और सुमु गोगोई के रूप में हुई है, जो इस साजिश में सीधे तौर पर शामिल थे। एनआईए के मुताबिक, आरोपियों का मकसद असम में कई जगहों पर विस्फोट कर देश की सुरक्षा और अखंडता को खतरा पहुंचाना था। इनकी गिरफ्तारी के साथ इस मामले (आरसी- 03/2024/ एनआईए-जीयूडब्ल्यू) में कुल तीन लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। एनआईए ने सितंबर 2024 में दिसपुर पुलिस से इस मामले की जांच अपने हाथ में ली थी।

# स्वच्छता हमारी जीवनशैली का हिस्सा : मुर्मु



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग है और सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है।

श्रीमती मुर्मु ने आज यहां स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में अपने संबोधन में कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए दुनिया का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण आयोजित किया जिसमें विभिन्न हितधारकों, राज्य सरकारों, शहरी निकायों और लगभग 14 करोड़ नागरिकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है।

अपने घरों, पूजा स्थलों और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे, 'स्वच्छता ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है।' वे स्वच्छता को धर्म, अध्यात्म और नागरिक जीवन की आधारशिला मानते थे।

उन्होंने कहा कि वह अधिसूचित क्षेत्र परिषद की उपाध्यक्ष के रूप में प्रतिदिन वार्डों का दौरा करती थीं और स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण करती थीं। न्यूनतम संसाधनों का उपयोग करके अपव्यय को न्यूनतम करना और उन्हें उसी उद्देश्य या अन्य उद्देश्य के लिए पुनः उपयोग करना, हमेशा से हमारी जीवनशैली का हिस्सा रहा है।

वृत्ताकार अर्थव्यवस्था के मूल सिद्धांत और कम-पुनः उपयोग-पुनर्चक्रण की प्रणालियाँ हमारी प्राचीन जीवनशैली के आधुनिक और व्यापक रूप हैं।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आदिवासी समुदायों की पारंपरिक जीवनशैली सरल है। वे कम संसाधनों का उपयोग करते हैं और मौसम तथा पर्यावरण के साथ सामंजस्य बिठाकर तथा समुदाय के अन्य सदस्यों के साथ साझेदारी में रहते हैं। वे प्राकृतिक संसाधनों की बर्बादी नहीं करते। ऐसे व्यवहार और परंपराओं को अपनाकर वृत्ताकारता की आधुनिक प्रणालियों को और मज़बूत बनाया जा सकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि अपशिष्ट प्रबंधन मूल्य श्रृंखला में पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम स्रोत पृथक्करण है। सभी हितधारकों और प्रत्येक परिवार को इस कदम पर अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

शून्य-अपशिष्ट बश्तियाँ अच्छे उदाहरण प्रश्तुत कर रही हैं। उन्होंने विद्यालय श्तरीय मूल्यांकन पहल की सराहना की जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छता को जीवन मूल्य के रूप में अपनाना है। उन्होंने कहा कि इसके अत्यंत लाभकारी और दूरगामी परिणाम होंगे।

## इंदौर, सूरत और नवी मुंबई को शीर्ष रैंकिंग

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वच्छता में अव्वल आने वाले शहरों को सम्मानित किया है। गुरुवार को राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 'स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार' प्रदान किए। मध्य प्रदेश का इंदौर शहर 8वीं बार देश का सबसे स्वच्छ शहर बना है। स्वच्छता रैंकिंग में सूरत और नवी मुंबई क्रमशः दूसरे और तीसरे नंबर पर रहे हैं।

इस बार 4 अलग-अलग श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पुरस्कार हासिल करने वाले विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा, "आप सबने स्वच्छता के राष्ट्रीय महायज्ञ में अपना योगदान दिया है। मैं आप सबकी सराहना करती हूं। स्वच्छ सर्वेक्षण ने हमारे शहरों द्वारा स्वच्छता के लिए किए गए प्रयासों के मूल्यांकन और प्रोत्साहन के क्षेत्र में एक सफल प्रयोग के रूप में स्वयं को सिद्ध किया है।" राष्ट्रपति ने कहा कि यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए दुनिया का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न हितधारकों, राज्य सरकारों, शहरी निकायों और लगभग 14 करोड़ नागरिकों की भागीदारी रही।

उन्होंने कहा, "स्वच्छता से संबंधित प्रयासों के आर्थिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक पहलू भी होते हैं।" उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नागरिक पूरे समर्पण के साथ स्वच्छ भारत मिशन में भाग लेंगे।

## शिकोहपुर लैंड डील केस : ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा समेत 11 लोगों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के शिकोहपुर लैंड डील मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है।

रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी पर आरोप है कि उसने अन्य लोगों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की थी। जानकारी के अनुसार, ईडी ने शिकोहपुर लैंड डील केस में वाड्रा समेत 11 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

यह पूरा मामला साल 2018 का है। तौरू के रहने वाले सुरेंद्र शर्मा की शिकायत पर 1 सितंबर 2018 को गुरुग्राम के खेरकी दौला थाने में यह केस दर्ज किया गया था।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि वाड्रा की कंपनी ने फरवरी 2008 में गुड़गांव के शिकोहपुर में 3.5 एकड़ जमीन 7.5 करोड़ रुपए में ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से खरीदी थी। कमर्शियल लाइसेंस पाने के बाद कंपनी ने उसी प्रॉपर्टी को डीएलएफ को 58 करोड़ रुपए में बेच दिया था। आरोप है कि कम कीमत पर जमीन खरीदकर भारी मुनाफा कमाया गया और मनी लॉन्ड्रिंग की गई। रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी पर आरोप है कि उसने अन्य लोगों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की थी। इस मामले में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को भी आरोपी बनाया गया है।

आईपीसी की धारा 420, 120, 467, 468 और 471 के तहत इस मामले में केस दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद आईपीसी की धारा 423 के तहत नए आरोप जोड़े गए थे।

## विदेश नीति पर भारत के पारंपरिक रुख से हटी सरकार, संसद में व्यापक चर्चा होनी चाहिए : कांग्रेस


✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर विदेश नीति के संदर्भ में भारत के पारंपरिक रुख से पीछे हटने और राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति नहीं बनाने का आरोप लगाया तथा यह भी कहा कि इस विषय संसद के मानसून सत्र में व्यापक चर्चा होनी चाहिए।

पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता आनंद शर्मा ने दावा किया कि मौजूदा विदेश नीति में 'बिखराव' के कारण विश्व श्तर पर भारत का असर कम हो रहा है।

शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, ''भारत की विदेश नीति में जैसा बिखराव है, उस वजह से भारत का प्रभाव विश्व में कम हो रहा है। यह सबके लिए दुख की बात है।'' उन्होंने इस बात का उल्लेख किया, ''भारत ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन का नेतृत्व किया। दुनिया के जिन देशों और महाद्वीपों में आजादी के लिए, रंगभेद के खिलाफ बड़े संघर्ष हुए, उन्होंने भारत की अगुवाई को माना, भारत की आवाज को सुना-चाहे वह अफ्रीका हो, लैटिन अमेरिका हो या एशिया के देश हों।''

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''जब हम राष्ट्रहित को आगे रखते हैं, तो उसके पीछे एक आम सहमति देश की रहती है, लेकिन मौजूदा सरकार में ये नहीं दिखता। राष्ट्रहित में हमारी कूटनीति और विदेश नीति से जुड़े मुद्दों पर एकतरफा फैसले लेने पर रोक लगनी चाहिए।''



शर्मा के अनुसार, इस विषय पर सरकार को विचार कर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए, वह वाश्तविकता को स्वीकार करे और जो देश के बड़े दल हैं, उनके नेताओं के साथ बैठकर भी विचार-विमर्श करें।

उन्होंने कहा, ''हम यह समझते हैं कि आने वाले संसद सत्र में विदेश नीति और देश की समस्याओं, चुनौतियां पर व्यापक चर्चा हो।'' उन्होंने गाजा में ''नरसंहार'' मानवीय संकट और इजराइली सैन्य कार्रवाई का उल्लेख करते हुए सवाल किया कि भारत इजराइल से क्यों नहीं कह सकता कि यह सब बंद किया जाए?

उन्होंने कहा, ''यह दुखद और अस्वीकार्य है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र में गाजा संबंधी मध्यस्थता प्रश्ताव के पक्ष में मतदान किया। इससे 'ग्लोबल साउथ' के अगुवा और आवाज के तौर पर भारत की विश्वसनीयता को झटका लगा है।''

शर्मा ने कहा कि मानवाधिकार और मानवता को लेकर भारत के ऐतिहासिक सैद्धांतिक रुख से अब भारत का पीछे

## भारत 40 देशों से खरीदता है तेल, रूसी तेल पर अमेरिकी प्रतिबंध को लेकर कोई चिंता नहीं : हरदीप पुरी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि भारत ने वैश्विक बाजार में तेल खरीदने के अपने स्रोतों में विविधता ला दी है, इसलिए सरकार रूस के तेल निर्यात पर अमेरिका की किसी भी कार्रवाई को लेकर चिंतित नहीं है।

ऊर्जा वार्ता 2025 में केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि भारत वर्तमान में 40 देशों से तेल खरीदता है, जबकि 2007 में यह संख्या 27 थी और वैश्विक बाजार में इसकी पर्याप्त आपूर्ति है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, "बाजार में बहुत सारा तेल उपलब्ध है। ईरान और वेनेजुएला वर्तमान में प्रतिबंधों के अधीन हैं।

लेकिन क्या वे हमेशा के लिए प्रतिबंधों के अधीन रहेंगे? ब्राजील, कनाडा और अन्य सहित कई देश उत्पादन बढ़ा रहे हैं। मैं अभी आपूर्ति को लेकर अनावश्यक रूप से चिंतित नहीं हूं। हमने अपने स्रोतों में विविधता ला दी है।" केंद्रीय मंत्री का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर सेकेंड्री सेंक्शन लगाने की घोषणा की पृष्ठभूमि में आया है। 15 जुलाई को ट्रंप ने धमकी दी थी कि अगर यूक्रेन के साथ 50 दिनों के भीतर शांति समझौता नहीं हुआ तो वे रूस पर गंभीर व्यापार प्रतिबंध लगा देंगे। ट्रंप ने कहा कि रूसी निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ 100 प्रतिशत तक बढ़ा दिए जाएंगे साथ ही उन्होंने रूस से तेल खरीदने वाले भारत और चीन जैसे देशों पर प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी।

ट्रंप की धमकियों पर केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, "मैंने ये धमकियां सुनी हैं। कुछ बयान दो विवादित पक्षों के बीच किसी मुद्दे को सुलझाने के लिए दिए जाते हैं।" केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे कहा कि मॉस्को से भारत की तेल खरीद ने वैश्विक बाजार में कीमतों को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि 2022 में जब यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ, तब भारत-रूस तेल व्यापार के अभाव में कच्चे तेल की कीमतें 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती थीं।

## पानीपत : महिला से 'सामूहिक बलात्कार' मामले में रेलवे व हरियाणा डीजीपी को एनएचआरसी का नोटिस



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने रेलवे बोर्ड एवं हरियाणा पुलिस प्रमुख को उन खबरों पर बृहस्पतिवार को नोटिस जारी किये हैं, जिनमें कहा गया है कि पानीपत में एक खड़ी ट्रेन के खाली डिब्बे में एक महिला के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया और बाद में अपराधियों ने उसे रेल की पटरियों पर फेंक दिया, जिससे उसका एक पैर कट गया।

पुलिस को 26 जून की रात को सोनीपत में हिंदू कॉलेज के पास रेलवे ट्रैक पर महिला मिली थी, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

आयोग ने एक बयान में कहा कि उसने ''एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें कहा गया है कि 24 जून को हरियाणा के पानीपत शहर में एक खड़ी ट्रेन के खाली डिब्बे में एक महिला के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया और बाद में अपराधियों ने उसे रेल की पटरियों पर फेंक दिया। महिला का एक पैर ट्रेन से कट गया।''।

आयोग ने पाया है कि अगर समाचार सही है, तो इसकी विषय-वश्तु मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाती है। इसलिए, एनएचआरसी ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में विश्तृत रिपोर्ट मांगी है।

आयोग ने कहा कि रिपोर्ट में पीड़िता के स्वास्थ्य की स्थिति और अधिकारियों द्वारा उसे प्रदान किए गए मुआवजे (यदि कोई हो) का विवरण शामिल होने की उम्मीद है।

## ओडिशा बंद : विपक्षी दलों ने कॉलेज छात्रा के मौत की न्यायिक जांच की

✷ वेबवार्ता. भुवनेश्वर ✷

ओडिशा में विपक्षी दलों ने बंद के आह्वान के बीच कॉलेज छात्रा सौम्यश्री की मौत की न्यायिक जांच की मांग की है। सौम्यश्री ने 12 जुलाई को कॉलेज में सहायक प्रोफेसर समीर साहू पर कथित मानसिक एवं यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए खुद को आग लगा ली थी। सौम्यश्री 90 प्रतिशत जल चुकी थी और 15 जुलाई को उसकी मौत हो गयी।

विपक्षी दलों ने इस घटना के लिए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके इश्तीफे की भी मांग की। एफएम (स्वायत्त) कॉलेज बालासोर की छात्रा सौम्यश्री की मौत के विरोध में कांग्रेस के नेतृत्व में आठ विपक्षी दलों द्वारा आज सुबह से शाम तक के ओडिशा बंद के आह्वान से पूरे राज्य में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। कांग्रेस के अलावा, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और वामपंथी दलों ने भी राज्य में बंद का समर्थन किया है।

सुबह छह बजे शुरू हुए इस बंद से सामान्य जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा और सब कुछ ठप पड़ गया। सभी शैक्षणिक संस्थान एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे और बसें सड़कों से नदारद रहीं, जबकि बंद समर्थकों के धरना प्रदर्शन से कई स्थानों पर रेल सेवाएं प्रभावित हुईं।

ओडिशा कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास और ओडिशा मामलों के कांग्रेस प्रभारी अजय कुमार लुलु के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता बंद की निगरानी करने के लिए राजधानी भुवनेश्वर के सभी प्रमुख चौराहों पर बाइक से पहुंचे।

प्रदर्शनकारियों ने रेलवे पटरियों पर धरना दिया जिससे कई स्टेशनों पर छोटी और लंबी दूरी की कई ट्रेनें बाधित हुई।

## अमेरिका में हमला, चोरी करने से वीजा को किया जा सकता है निरस्त : अमेरिकी दूतावास

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

भारत में अमेरिका के दूतावास ने कहा है कि उसके देश में हमला, चोरी या सेंधमारी करने से (संबंधित व्यक्ति को) न केवल कानूनी दिक्कतें होंगी, बल्कि (उसका) वीजा भी रद्द किया जा सकता है और वह भविष्य में अमेरिकी वीजा के लिए 'अयोग्य' हो सकता है। यह कड़ी चेतावनी सोशल मीडिया पर प्रसारित उस वीडियो के मद्देनजर आयी है जिसमें कथित रूप से दिख रहा है कि एक भारतीय महिला को पुलिस अधिकारियों ने इसलिए हिरासत में ले लिया, क्योंकि उसने कथित तौर पर अमेरिका में एक उच्च श्रेणी की दुकान से कई सामान चुराने की कोशिश की थी। वैसे सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किये जा रहे इस वीडियो की प्रमाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। एक संक्षिप्त बयान में, दूतावास ने यह भी कहा कि अमेरिका कानून और व्यवस्था को महत्व देता है और विदेशी आगंतुकों से सभी अमेरिकी कानूनों का पालन करने की अपेक्षा करता है। यह बयान दूतावास के 'एक्स' हैंडल पर साझा किया गया है।

दूतावास ने कहा, ''अमेरिका में हमला, चोरी या सेंधमारी करने से न केवल आपको कानूनी समस्याएं होंगी – बल्कि आपका वीज़ा रद्द भी हो सकता है और आप भविष्य में अमेरिकी वीजा के लिए अयोग्य भी हो सकते हैं। अमेरिका कानून और व्यवस्था को महत्व देता है और विदेशी आगंतुकों से सभी अमेरिकी कानूनों का पालन करने की अपेक्षा करता है।''

## आशा बहनों को दिया गया प्रशिक्षण

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़**✷। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गुरूवार को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर आशा बहनों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण सत्र में सीवाई-टीबी वैक्सीन एवं क्षयरोग की पहचान, रोकथाम तथा आशाओं की भूमिका पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम में डॉ. हेरा शीराज़एवं जितेन्द्र कुमार द्वारा आशा कार्यकर्ताओं को सीवाई-टीबी वैक्सीन की उपयोगिता, टीबी की शुरुआती पहचान, लक्षणों की समझ एवं समय से उपचार की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज त्यागी ने अपने संदेश में कहा कि टीबी उन्मूलन में आशा बहनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीवाई और टीबी वैक्सीन आने वाले समय में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राहुल शर्मा ने कहा कि सीवाई-टीबी वैक्सीन उच्च जोखिम वाले लोगों को टीबी से बचाने का एक वैज्ञानिक प्रयास है। आशा कार्यकर्ता इसकी जानकारी आम जन तक पहुँचाएं। जिला कार्यक्रम समन्वयक सतेंद्र कुमार ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण आशा बहनों के ज्ञान को मजबूत करते हैं, जिससे वे समुदाय में बेहतर सेवा दे पाती हैं।

## ट्रक से टकराई वॉल्वो बस, दो की मौत

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़**✷। टप्पल में यमुना एक्सप्रेसवे पर गुरूवार सुबह चार बजे एक बड़ा हादसा हो गया। कानपुर से दिल्ली जा रही वोल्वो बस ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बस में करीब 70 यात्री सवार थे। टक्कर इतनी जबरदश्त थी कि बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बस से बाहर निकाला। 37 घायलों को कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां एक यात्री की इलाज के दौरान मौत हो गई। 17 घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। यह हादसा यमुना एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 53 के पास हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस जगह पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

## अध्यापकों की मनमानी, बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा ट्यूशन

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़**✷। इगलास कस्बे में शिक्षकों द्वारा अवैध रूप से ट्यूशन का संचालन किया जा रहा है। शिक्षक बिना किसी रजिस्ट्रेशन के छात्रों को ट्यूशन पढ़ा रहे हैं। हाई स्कूल और इंटर के छात्रों से प्रति विषय 600 से 800 रुपए तक वसूले जा रहे हैं। एक छात्र की कुल मासिक ट्यूशन फीस लगभग 3000 रुपए तक पहुंच जाती है। स्कूलों में पहले से ही महंगी फीस का बोझ झेल रहे अभिभावकों पर यह अतिरिक्त खर्च पड़ रहा है। स्कूल की मासिक फीस 1000 से 1500 रुपए के अलावा ट्यूशन का खर्च माता-पिता की परेशानी बढ़ा रहा है। शिक्षक स्कूल में पढ़ाई के दौरान ही बच्चों पर ट्यूशन का दबाव बनाते हैं। नियमों के अनुसार ट्यूशन संचालन के लिए जिला श्तर पर रजिस्ट्रेशन आवश्यक है। लेकिन इगलास में बिना किसी पंजीकरण के यह कार्य चल रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर पूरन सिंह ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## केतन कांवेंट स्कूल में भूजल संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़**✷। भूजल सप्ताह के द्वितीय दिवस गुरूवार को शहरी क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित केतन कांवेन्ट स्कूल में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भजल विभाग खण्ड-यांत्रिक अलीगढ के तत्वाधान में सहायक भू-भौतिकविद् श्यामवीर सिंह की उपस्थिति में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। निबन्ध प्रतियोगिता के उपरांत सहायक भू-भौतिकविद् श्यामवीर सिंह ने विद्यालय के बच्चों को भूजल दोहन के संकट एवं उसके संचयन के लाभ व भविष्य के लिए भूजल की उपलब्धता कम होने के संबंध में जानकारी साझा करते हुए जल संचयन के लिए प्रेरित किया और जल संचयन के लिए उपस्थितजनों को शपथ भी दिलाई।

## एक बाल अपचारी सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़**✷। पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक के निर्देशन में सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम मयंक पाठक के नेतृत्व में थाना देहलीगेट व एसओजी नगर टीम द्वारा दो अभियुक्त जाहिद खान पुत्र दिलदार खाँ निवासी हमदर्द नगर जमालपुर थाना सिविल लाईन्स अलीगढ़ व बाल अपचारी को मय पीली धातु के एक कुण्डल व घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल के साथ कब्रिस्तान के पिछले राश्ते से गिरफ्तार किया।

# हम करेंगे नेतृत्व और मैं बनूंगा मुख्यमंत्री: पलानीस्वामी

**चेन्नई, एजेंसी।**
ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एआईएडीएमके) प्रमुख एडप्पादी के पलानीस्वामी ने बुधवार को यहां कहा कि तमिलनाडु में पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अटूट है और भाजपा समेत इसके घटक दलों के बीच फूट डालने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन के संबंध में उनका निर्णय अंतिम होगा।

विधानसभा में विपक्ष के नेता ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के 'उंगलुदन स्टालिन' संपर्क कार्यक्रम की भी आलोचना की और इसे एक नाटक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका उद्देश्य 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले तमिलनाडु के लोगों को गुमराह करना है। पलानीस्वामी ने पूछा कि इस सरकार के बचे हुए आठ महीनों में लोग अपने मुद्दों के क्या ही समाधान की उम्मीद कर सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अगले साल राज्य में राजग के चुनाव जीतने पर गठबंधन सरकार बनाने संबंधी कथित टिप्पणी के बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए, पलानीस्वामी ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता ने केवल इतना कहा कि गठबंधन सत्ता में आएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, उनका कहना है कि हमारा गठबंधन सरकार बनाएगा। मैंने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि इस गठबंधन का नेतृत्व कौन कर रहा है? तो यह मेरा फैसला है, है ना? कौन मुख्यमंत्री बनेगा, कौन सरकार बनाएगा - हम दोनों (शाह और मैं) यह स्पष्ट कर चुके हैं। यह स्पष्ट कर दिया गया है कि अन्नाद्रमुक राज्य में राजग का नेतृत्व करेगा और अगर गठबंधन विजयी होता है तो वह मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा, गठबंधन में




फूट डालने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। यह एक अटूट गठबंधन है।

पलानीस्वामी ने दावा किया कि द्रमुक को यह उम्मीद नहीं थी कि अन्नाद्रमुक गठबंधन करेगा और इसलिए वह डर के कारण विपक्षी गठजोड़ की आलोचना कर रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि द्रमुक ने अतीत में भाजपा के साथ गठबंधन किया था और सवाल किया कि क्या द्रविड़ पार्टी का तब ऐसा करना स्वीकार्य था, लेकिन अब अन्नाद्रमुक ने जब भाजपा के साथ गठबंधन किया है तो वह भाजपा को सांप्रदायिक बता रही है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया है कि ईपीएस ने शाह से कह दिया है कि जीत की स्थिति में न्यूनतम स्तर पर पावर शेयरिंग पर विचार किया जा सकता है। दरअसल, शाह ने साफतौर पर कहा था, हम चुनाव एडप्पाडी जी के नेतृत्व में लड़ेंगे। साथ ही उन्होंने गठबंधन सरकार का जिक्र किया था। कहा जा रहा है कि इसके चलते एआईएडीएमके नेताओं में हलचल तेज हुई थी। कहा जा रहा है कि ईपीएस की तरफ से इस बात पर जोर दिया जाना भाजपा और एआईएडीएमके के बीच एक समझ स्थापित होने के संकेत दे रहा है, जिसके तहत यह साफ हो चुका है कि चुनाव से पहले गठबंधन सरकार की बात को बढ़ाना देना नुकसान करा सकता है। इसकी वजह कोर द्रविड़ मतदाताओं के विरोध का डर माना जा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, ईपीएस की टिप्पणियों को जनता की धारणा बदलने की ठोस कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। अखबार को एक सूत्र ने बताया कि गठबंधन काफी प्रगति कर रहा है।

## ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी के माध्यम से आधार वेरिफिकेशन अनिवार्य

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
रेलवे प्रशासन ने देश भर में तत्काल प्रणाली के तहत ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी के माध्यम से आधार वेरिफिकेशन को आधिकारिक तौर पर अनिवार्य कर दिया है। एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक उचित सिंघल ने घोषणा की कि 15 जुलाई से ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार ओटीपी के जरिए वेरिफिकेशन जरूरी हो गया है।

सिंघल ने इस बात जोर दिया कि ये संशोधन यात्रियों के लिए तत्काल टिकटों तक निष्पक्ष और पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित करने, उनके हितों की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए किए गए हैं कि वास्तविक उपयोगकर्ता इस प्रणाली का लाभ उठा सकें।

उन्होंने कहा, यात्री मोबाइल ओटीपी के माध्यम से सत्यापन के बिना तत्काल टिकट प्राप्त नहीं कर पाएंगे। नई प्रणाली के तहत तत्काल टिकट आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट, मोबाइल ऐप या भारतीय रेलवे के पीआरएस काउंटरों



के माध्यम से बुकिंग के लिए उपलब्ध होंगे। अधिकारी का कहना है कि रेलवे आरक्षण प्रणाली द्वारा ओटीपी के बाद ही अधिकृत एजेंटों के माध्यम से टिकट बुकिंग के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। यह ओटीपी बुकिंग के समय उपयोगकर्ता द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। सिंघल ने बताया, तत्काल आरक्षण टिकट लेने वालों को अब टिकट बुक करते समय अपने आधार नंबर से जुड़ा सिम कार्ड वाला मोबाइल साथ रखना होगा।

रेलवे ने यह भी कहा कि बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान बड़ी संख्या में बुकिंग की अनुमति नहीं होगी। सिंघल ने कहा, रेल आरक्षण की शुरुआती अवधि के दौरान बड़ी संख्या में बुकिंग को रोकने के लिए, भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकट एजेंटों को बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं होगी। यह प्रतिबंध एसी श्रेणियों के लिए सुबह 10 बजे से 10:30 बजे तक और गैर-एसी श्रेणियों के लिए सुबह 11 बजे से 11:30 बजे तक लागू रहेगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे इन बदलावों पर ध्यान दें और असुविधा से बचने के लिए सुनिश्चित करें कि उनकी प्रोफाइल उनके आधार नंबर से जुड़ी हो।

## महाराष्ट्र के नक्सल प्रभावित गांव में आजादी के बाद पहली बार चली बस


**गढ़चिरौली, एजेंसी।**
कभी नक्सलियों का गढ़ रहे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के एक सुदूर गांव में आजादी के बाद अब पहली बार सरकारी बस सेवा शुरू हुई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बुधवार को जब पहली बस मरकनार गांव पहुंची तो स्थानीय लोगों ने राष्ट्रध्वज लहराकर उसका स्वागत किया। पुलिस ने बयान जारी कर बताया कि इस सेवा से मरकनार और आसपास के गांवों के छात्रों समेत लगभग 1,200 निवासियों को लाभ होगा। पुलिस की ओर से दावा किया गया है कि गढ़चिरौली पुलिस के प्रयासों के बाद आजादी के बाद पहली बार सुदूर मरकनार गांव से अहेरी तक बस सेवा शुरू की गई है। आदिवासी आबादी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए जाना जाने वाला गढ़चिरौली जिला खराब कनेक्टिविटी की समस्या से जूझ रहा था। मरकनार गांव गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ उपखंड में अबूझमाड़ की तलहटी में स्थित है, जो नक्सलियों का गढ़ था। बुधवार



को ग्रामीणों ने पहली बार अपने इलाके में बस सेवा देखी। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल की पहल पर शुरू की गई राज्य परिवहन सेवा का स्वागत करने के लिए ग्रामीण तिरंगा लेकर एकत्रित हुए। इस सेवा से मरकनार, मुरुंभुशी, फुलनार, कोपरशी, पोयारकोठी और गुंडुरवाही जैसे गांवों के 1,200 से ज्यादा निवासियों, खासकर मरीजों, छात्रों और अन्य यात्रियों को लाभ होगा। गढ़चिरौली पुलिस ने दूरदराज के इलाकों में परिवहन को आसान बनाने के लिए कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू की हैं। कहा गया है कि एक जनवरी 2025 को गट्टा-गरदेवड़ा-वांगेतुरी मार्ग पर और 27 अप्रैल को कटेझर से गढ़चिरौली के लिए बस सेवा शुरू की गई। पिछले पांच वर्षों में, गढ़चिरौली पुलिस के संरक्षण में जिले में 420.95 किलोमीटर लंबी 20 सड़कें और 60 पुल बनाए गए हैं। बता दें कि होम मिनिस्टर अमित शाह ने 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने का टारगेट रखा है।

## राधिका यादव से बेस्ट फ्रेंड ने भी 6 महीने से नहीं की थी बात, किसी सबूत से इनकार

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
राधिका यादव हत्याकांड की जांच लगातार जारी है, लेकिन पुलिस के सामने अभी भी कई सवालों के जवाब नहीं हैं। इस मामले में पुलिस ने मृतका की दोस्त हिमांशिका से



फोन पर पूछताछ की है। पूछताछ के दौरान कई जानकारी मिली है। हिमांशिका ने पुलिस को बताया कि राधिका और हिमांशिका के बीच आखिरी बार जनवरी महीने में फोन पर बात हुई थी। इस हिसाब से दोनों के बीच 6 महीने से संपर्क नहीं था।

बातचीत की यह लंबी अवधि का अंतराल जांचकर्ताओं के लिए कई सवाल खड़े कर रहा है। बता दें कि राधिका की पिता के द्वारा हत्या करने के बाद हिमांशिका ने सोशल मीडिया पर आकर दो वीडियो में उसकी आपबीती के बारे में जिक्र किया था,उसके बाद पुलिस ने हिमांशिका से संपर्क कर जानकारी हासिल करने के साथ-साथ मामले से जुड़े डिजिटल साक्ष्य मांगे थे, लेकिन हिमांशिका ने पुलिस को इस बारे में मना कर दिया था। पुलिस इस हत्याकांड से जुड़े हर छोटे-बड़े पहलू को खंगाल रही है। इसी कड़ी में राधिका की करीबी दोस्त हिमांशिका से पूछताछ की गई। पुलिस ने हिमांशिका से स्पष्ट रूप से पूछा कि क्या उनके पास राधिका की हत्या से संबंधित कोई भी साक्ष्य या जानकारी है, जो जांच में मददगार साबित हो सके। हालांकि, हिमांशिका ने पुलिस के सामने साफ इनकार कर दिया कि उनके पास ऐसा कोई भी सबूत मौजूद है। राधिका हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में अब पुलिस की सबसे बड़ी उम्मीद फोरेंसिक लैब से आने वाली रिपोर्ट पर टिकी है। पुलिस को राधिका यादव और उनके पिता दीपक यादव के फोन डाटा की विस्तृत फोरेंसिक रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार है।

## आप इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं, लोकसभा चुनाव तक ही था अलायंस: संजय सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने बुधवार को एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद से ही इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है। बता दें कि साल 2024 का लोकसभा चुनाव आप और कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत लड़ा था। हालांकि, बाद में हरियाणा और दिल्ली विधानसभा चुनावों में दोनों ने अलग-अलग दो-दो हाथ किया था। कहा कि हमने साफ कर दिया है कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था। जहां तक संसद का सवाल है तो हम हमेशा सरकार की सभी गलत नीतियों का विरोध करते रहे हैं। हम संसद के मानसून सत्र के दौरान दिल्ली में झुग्गियों को तोड़े जाने का मुद्दा उठाएंगे। हमने आधिकारिक तौर पर कहा है कि आम आदमी पार्टी आज से भारत गठबंधन के साथ नहीं है। हमारा गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए था। इसके साथ ही आप सांसद ने आगे कहा कि संसद के मानसून सत्र में उनका रुख पहले की तरह कायम रहेगा। वह इस सत्र में दिल्ली में झुग्गियों के कथित विध्वंस का मुद्दा उठाएंगे। बता दें कि हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में झुग्गियों के कथित विध्वंस को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर निशाना साधा था।

## एलडीए: नये बिल्डिंग बायलॉज के तहत शमन मानचित्र भी स्वीकृत करा सकेंगे लोग

✷ **एनसीआर टुडे. लखनऊ** ✷

लखनऊ विकास प्राधिकरण नये बिल्डिंग बायलॉज के तहत शमन मानचित्र स्वीकृत करेगा। इससे पूर्व में निर्माण कार्य करा चुके लोगों को भी नये नियमों का लाभ मिलेगा और वे शमन कराकर अपने निर्माण को नियमित करा सकेंगे।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरूवार को प्राधिकरण में आयोजित जनता अदालत में फरियाद लेकर पहुंचे लोगों की मांग पर इस बाबत आदेश जारी किये हैं। साथ ही सभी प्रवर्तन जोन के जोनल अधिकारियों को शमन मानचित्र जमा कराने का टारगेट दिया गया है। इससे शमन मानचित्र पास कराने के लिए आने वाले लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा और अधिकारी लोगों को पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरणों के लिए मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेग्युलेशन-2025 पारित किया है। इसके अंतर्गत भवन निर्माण के लिए भू-आच्छादन क्षेत्रफल व एफ0ए0आर0 (फ्लोर एरिया रेशियो) का दायरा बढ़ाते हुए काफी रियात दी गयी है। ८

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नयी नियमावली के तहत नये भवनों के मानचित्र के साथ पूर्व में कराये जा चुके निर्माण कार्यों का शमन मानचित्र भी स्वीकृत किया जाएगा। जनता के हित में जरूरी है कि यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। इसके लिए जोनल अधिकारियों को शमन मानचित्र जमा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत जोन-1 को 200, जोन-2 को 220, जोन-3 को 75, जोन-4 को 100, जोन-5 को 200, जोन-6 को 75 तथा जोन-7 को 100 शमन मानचित्र जमा कराने का टारगेट दिया गया है।

**प्रधानमंत्री आवास के आवंटियों को दिलाएं होम लोन**

जनता अदालत में पहुंचे गुड़म्बा के आदिल नगर निवासी महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि उन्हें बसन्तकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास संख्या-45/22 आवंटित हुआ है। लेकिन, कई बैंकों के चक्कर लगाने के बाद भी होम लोन नहीं मिल रहा है, जिसके चलते वह भवन का पैसा नहीं जमा करा पा रहे हैं। इस पर उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैंकों के सक्षम अधिकारियों से वार्ता करके प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के लिए होम लोन मेला लगवाया जाए। मौके पर ही सभी आवंटियों को होम लोन की सुविधा दिलायी जाए।

नाम के चलते अटकी थी रजिस्ट्री, हुआ निश्तारण

कानपुर रोड योजना के सेक्टर-डी निवासी सोनू ने प्रार्थना पत्र दिया कि उन्हें शारदा नगर योजना के रूचिखण्ड में भवन संख्या-1/902 आवंटित हुआ है। मकान की पूर्ण धनराशि जमा करा दी है, लेकिन आवंटन पत्र में नाम सोनू और आई0डी0 में नाम भूपेन्द्र सिंह होने के चलते रजिस्ट्री नहीं हो रही है। उपाध्यक्ष ने फाइल मंगायी तो पता चला कि आवंटी के अलग-अलग नाम की जांच हो चुकी है और प्रकरण सही है। उन्होंने मौके पर ही रजिस्ट्री के लिए फाइल तैयार कराकर प्रकरण का निश्तरण करा दिया।

गणना कराकर दिया गया मांग पत्र

कैंट क्षेत्र के उदयगंज निवासी नीरज तिवारी ने प्रार्थना पत्र दिया कि उन्हें शारदा नगर विश्तार योजना में प्रधानमंत्री आवास संख्या-28/43 आवंटित हुआ है। उन्होंने कहा कि वह भवन की रजिस्ट्री कराना चाहते हैं, जिसके लिए अंतिम गणना करा दी जाए। मौके पर ही भवन की गणना कराकर आवंटी को मांग पत्र दे दिया गया। इसी तरह रूपेश कुमार ने कानपुर रोड योजना में भूखण्ड की रजिस्ट्री के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया, जिसकी फाइल मौके पर ही अनुमोदित कर दी गयी।

**62 में से 15 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण**

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण के कमेटी हॉल में आयोजित जनता अदालत/प्राधिकरण दिवस में उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व सचिव विवेक श्रीवाश्तव ने लोगों की समस्याओं को विश्तारपूर्वक सुना।

इस दौरान रजिस्ट्री, नामांतरण, मानचित्र, अवैध निर्माण आदि से सम्बंधित कुल 62 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 15 मामलों का मौके पर ही निश्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निश्तारण के सम्बंध में समय-सीमा निर्धारित करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण: मथुरा वृंदावन नगर निगम ने 94 वें पायदान से छलांग लगाकर देश में 11 वां स्थान मिला

✷ **एनसीआर टुडे. मथुरा** ✷

केंद्र सरकार के द्वारा संचसालित स्वच्छता सर्वेक्षण में मथुरा वृंदावन नगर निगम ने पूरे देश को चौंका दिया।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के नजीजों में मथुरा ने 94 वें पायदान से छलांग लगाकर में 11 वां स्थान हासिल किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता सर्वेक्षण के मामले में नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत को अलग-अलग श्रेणी में प्राप्त श्रेणी के आधार पर प्रमाणपत्र प्रदान किए हैं।

मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों में देश भर में 11 वीं रैंक हासिल की है। वाटर प्लस प्रमाणन और जीएफसी 3 स्टार रेटिंग प्राप्त कर नगर निगम मथुरा-



वृंदावन देश के अग्रणी नगरों की सूची में शामिल हुआ है।

यह गौरवशाली रैंकिंग नगर निगम के सतत प्रयासों, नागरिकों की भागीदारी और स्वच्छता मित्रों की मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विगत वर्ष 2023 की तुलना में नगर निगम ने इस वर्ष असाधारण सुधार किया है। 4589 शहरी स्थानीय निकायों ने इस बार




सर्वेक्षण में भाग लिया।

इनमें से सिर्फ 209 नगर निकायों को वाटर प्लस प्रमाणन प्राप्त हुआ जिसमे मथुरा-वृंदावन निगम भी शामिल है। नगर आयुक्त जगप्रवेश के अनुसार मथुरा-वृंदावन को 2022 तक कोई जीएफसी स्टार प्राप्त नहीं था। 2023 में 1 स्टार और अब 2024-25 में सीधे 3 स्टार मिला है।

इस उपलब्धि पर महापौर विनोद अग्रवाल का कहना है कि नगर निगम मथुरा-वृंदावन ने अब यह सिद्ध कर दिया है कि हम न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं बल्कि स्वच्छता में भी देश के अग्रणी नगरों में हैं। यह सफलता सिर्फ प्रशासन की नहीं बल्कि पूरे महानगर की जनता की जागरूकता सफाई मित्रों की निष्ठा और निगम टीम की कड़ी मेहनत का परिणाम है। नगर आयुक्त जग प्रवेश का कहना है कि 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों में 11वीं रैंक प्राप्त करना हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने नगरवासियों से पुनः आग्रह किया है कि वे स्वच्छता को केवल एक सरकारी अभियान न मानें बल्कि इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

## उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण और बिक्री प्रणाली की होगी सतत निगरानी

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷

जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कृषकों को गुणवत्तापरक रासायनिक उर्वरकों की समय से उपलब्धता सुनिश्चित करने, निर्धारित मूल्य पर विक्रय करने, कालाबाजारी और ओवररेटिंग पर प्रभावी रोक लगाने के सबंध में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गई। डीएम ने कहा कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण और बिक्री प्रणाली की सतत निगरानी की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यूरिया, डीएपी एवं अन्य उर्वरकों की आपूर्ति में पारदर्शिता सुनिश्चित करें एवं सभी बिक्री केंद्रों पर मूल्य सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य किया जाए।

उर्वरक निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित निरीक्षण कर फर्जी बिक्री, जमाखोरी अथवा ओवररेटिंग की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करें। डीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी श्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने सहायक निबंधक सहकारिता नागेंद्र पाल को चेतावनी दी, कि प्रिपोज़शिनिंग स्टॉक में से आवश्यकता के अनुसार प्रत्येक समिति पर यूरिया एवं डीएपी अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जाए। उपनिदेशक कृषि अरुण कुमार चौधरी ने पीएसओ एवं आधार कार्ड से उर्वरक वितरण, रैक प्लान के अनुसार आपूर्ति, उर्वरक के साथ कोई अन्य उर्वरक टैग न करने, स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड पर प्रतिदिन अंकन, विक्रेता को पीओएस पर्ची देने एवं अधिक उर्वरक क्रय करने वाले कृषक से खतौनी अवश्य प्राप्त करने और उसका संपूर्ण विवरण बिक्री रजिस्टर में अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि 266 रुपए प्रति बैग यूरिया एवं 1350 रुपए प्रति बैग डीएपी से अधिक बिक्री न की जाए। जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र कुमार चौधरी के अनुसार 25759 मीट्रिक टन यूरिया, 2588 मीट्रिक टन डीएपी, 5445 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है, जिसमें से सहकारिता क्षेत्र में 5151 मीट्रिक टन यूरिया, 495 मीट्रिक टन डीएपी और 2243 मीट्रिक टन एनपीके है, अवशेष उर्वरक निजी क्षेत्र में दी गई है। थोक विक्रेताओं ने बताया कि यूरिया के सापेक्ष डीएपी की डिमांड कम है। बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, सहायक निबंधक सहकारिता नागेंद्र पाल सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी, थोक विक्रेता एवं कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जीजा और साली के साथ चार युवकों ने की मारपीट

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी थाना क्षेत्र की कंचन पार्क कालोनी निवासी जीजा व साली से सोमवार को पड़ोस में रहने वाले चार युवकों ने मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कंचना पार्क कालोनी निवासी इंतजार सोमवार को साली रजिया के साथ बाइक पर अस्पताल जा रहे थे। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले चार युवकों शहजाद, शाहबाज, शिब्बु और तस्लीम ने पुराने विवाद के चलते बाइक को मुखिया गेट पर रोक कर गाली गलौज की। आरोप है कि चारों ने लाठी डंडे से उनके व साली के साथ मारपीट की। जिसमें दोनों को सिर व मुंह पर चोट आई। मारपीट करने के बाद चारों उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। सूचना मिलने पर परिजनों ने दोनों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने अस्पताल से आने के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम को कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## कावड यात्रियों की सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों को बाटे रेनकोट

✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷। कावड़ मार्ग पर बारिश में भीग कर ड्यूटी निभा रहे पुलिस कर्मियों को जिला पंचायत सदस्य ने रेनकोट वितरित किए। मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य अनवर हुसैन ने पैजनियां पुलिस चौकी में पहुंचकर कावड़ यात्रा मार्ग पर बारिश में ड्यूटी निभा रहे दर्जनों पुलिस कर्मियों को रेनकोट का वितरण किया। इस अवसर पर नाजिम ठेकेदार, आसिफ, आरिफ शहीद दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सात एनसीसी कैडेट्स ने कैटसी-42 कैंप में गोल्ड मेडल हासिल किये

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़✷। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सात एनसीसी कैडेट्स ने मंगलायतन विश्वविद्यालय, बेसवां में आयोजित कैटसी-42 कैंप (कैटसी-42) में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान प्राप्त किए। यह कैंप 8 यूपी बटालियन एनसीसी, अलीगढ़ द्वारा आयोजित किया गया था। कैडेट यूओ दीपक कुमार को कैंप सीनियर के रूप में उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। सार्जेंट मोहम्मद आमिर हुसैन को सांस्कृतिक कार्यक्रम में, सार्जेंट आर्यन अंसारी को गायन प्रतियोगिता में, और सार्जेंट इब्शार अली को फ्लैग एरिया में शानदार प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल मिला। टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता में सार्जेंट ओवैस खान, सार्जेंट दीपांशु और सार्जेंट युवराज मान राणा ने संयुक्त रूप से गोल्ड मेडल प्राप्त किये। कैंप के दौरान कैडेट्स को कैंप कमांडेंट कर्नल अजय लुंबा, कमांडिंग ऑफिसर, 8 यूपी बटालियन एनसीसी का निरंतर मार्गदर्शन मिला। एएमयू में एनसीसी यूनिट द्वारा इन विजयी कैडेट्स को कैप्टन फारूक अहमद डार और कैप्टन नजफ अली खान द्वारा सम्मानित किया गया।

## चोरी के सामान सहित अभियुक्त गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़✷। जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बरला के कुशल मार्गदर्शन में थाना अकराबाद पुलिस टीम ने बीएनएस में वांछित अभियुक्त पवन शर्मा पुत्र लोकेश शास्त्री निवासी इन्द्रपुरी थाना लोनी बार्डर जिला गाजियाबाद को चोरी किया एक भैंसा, एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त एक टाटा ऐस (लोडर) के साथ अकराबाद से पिलखना जाने वाले राश्ते पर बम्बा पुलिया पर से गिरफ्तार किया तथा अभियुक्त की जामातलाशी से बरामद एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर भी बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त पवन शर्मा ने बताया कि मेरे दो अन्य साथी जिसमें पहले का नाम सलमान निवासी राशिद अली गेट प्रेम नगर कोतवाली लोनी गाजियाबाद व अन्य एक साथी नाम पता नामालूम के साथ मिलकर ग्राम लधौआ में इसी लोड़र में लादकर एक भैसा चोरी किया था, जिस मैं बेचने के लिये ले जा रहा था कि आपने पकड़ लिया। उक्त भैसा की चोरी होने के सम्बन्ध में थाना अकराबाद अलीगढ में बीएनएस पंजीकृत है।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। शालीमार गार्डन के वार्ड 78 स्थित गुलमोहर पार्क में बुधवार को हरेला पर्व के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने किया था। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लेते हुए, पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लिया। पप्पू पहलवान ने कहा कि हरेला केवल पर्व नहीं, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ाव और भविष्य के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस अवसर पर भूषण लाल, प्रतीक माथुर, श्याम शर्मा, गोपाल पंडित, ऋषभ शर्मा, वी सहाय, प्रमोद खटीक, जनक, गौरव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# साफ-सफाई के मामले में गाजियाबाद पिछड़ा

### विक्रमादित्य सिंह मलिक के आने के बाद स्वच्छ सर्वेक्षण पर निगम रवैया उदासीन

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷




स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर जिले के अधिकारियों में रूचि का अभाव रहा है। इसके परिणाम स्वरूप स्वच्छ सर्वेक्षण 2024' में गाजियाबाद शहर पिछड़ा साबित हुआ। इसे अधिकारियों की उदासीनता ही कहा जाएगा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को नगर निगम के द्वारा किसी भी प्रकार का कार्यक्रम बीते साल नहीं किया।

इसके उलट शहर भर में जगह-जगह कुड़े के अंबार दिखाई देते है। नगर आयुक्त के पद विक्रमादित्य सिंह मलिक के आने के बाद से शहर की सफाई व्यवस्था पुरी तरह से चौपट हुई है।

'स्वच्छ सर्वेक्षण 2024' की रैंकिंग सामने आ गई है। एक तरफ इंदौर जैसा शहर है जो आठवीं बार खिताब जीत रहा है तो वहीं गाजियाबाद जैसा शहर भी है जिसकी रैंकिंग में गिरावट दर्ज की गई है।

हालांकि गिरती रैंकिंग के बावजूद एक खुशखबरी भी सामने आई है, जिसे जानकर गाजियाबाद की जनता राहत महसूस कर सकती है।

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रैंकिंग में गाजियाबाद पिछड़ा**

सबसे पहले आपको रैंकिंग में गिरावट की बात बताते हैं। इस बार 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में गाजियाबाद नगर निगम प्रदेश में तीसरे नंबर पर खिसक गया है।

इस श्रेणी के स्वच्छ सर्वेक्षण में गाजियाबाद पिछले 3 साल से प्रदेश में नंबर एक पर आता रहा है। हालांकि इस बीच एक गुड न्यूज भी है, जानिए किस आधार पर यहां की जनता राहत महसूस कर सकती है... दरअसल ओवरऑल रैंकिंग में गाजियाबाद ने अच्छा प्रदर्शन किया है। यानी की देशभर की रैंकिंग में सुधार हुआ है। बीते साल के सर्वेक्षण में गाजियाबाद नगर निगम को 19वां स्थान मिला था।

वहीं इस बार ओवरऑल प्रदर्शन शानदार रहा, इसके चलते इसकी रैंकिंग 11 दर्ज की गई है। हालांकि इसके बावजूद गाजियाबाद प्रशासन को काफी मेहनत करने की जरूरत है। ये चुनौती तब और बढ़ जाती है, जब आपके इलाके में कई बड़े-बड़े कचरे के पहाड़ हों।

**जानिए देश में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर कौन शहर**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 का अवॉर्ड देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिया गया है। ये सर्वे केंद्र सरकार द्वारा हर साल कराया जाता है। इसे वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण कहा जाता है। ओवरऑल पूरे देश की बात करें तो मध्य प्रदेश के इंदौर शहर ने एक, दो या तीन नहीं बल्कि पूरे आठवीं बार इसके प्रथम खिताब को अपने नाम किया है। दूसरे पायदान पर गुजरात का सूरत शहर रहा है। वहीं महाराष्ट्र का नवी मुंबई तीसरे पायदान पर है। हालांकि शहर की मेयर सुनीता दयाल स्वच्छ सर्वेक्षण में गाजियाबाद के पिछड़ने का कारण कचरा निश्तारण के लिए निगम के पास खुद की जमीन न होना बता रही है।

शहर के पूर्व नगर आयुक्त सीपी सिंह के कारण काल में स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर कई कार्यक्रम चलाए गए।

लेकिन नगर आयुक्त के पद पर विक्रमादित्य सिंह मलिक के आने के बाद शहर की सफाई व्यवस्था पुरी तरह चौपट हो गई। इतना ही नहीं श्री मलिक ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद स्वच्छ सर्वेक्षण को न तो कोई योजना बनाई और नहीं कोई जागरूकता को लेकर कार्यक्रम किया।

गौरतलब है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में गाजियाबाद शहर ने शानदार प्रदर्शन कर कई पुरस्कार हासिल किए थे। गाजियाबाद को बेस्ट बिग सिटी इन इनोवेशंस एंड बेस्ट प्रैक्टिसेज का राष्ट्रीय अवार्ड मिला था। इतना ही नहीं स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में गाजियाबाद टॉप-20 में शामिल है।

## सीएम और मंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कराएंगे अवगत

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

गाजियाबाद मथुरापुर जहां एक तरफ सावन माह के पवित्र महीने में लाखों की संख्या में कावड़ यात्री पवित्र गंगाजल लेकर पदयात्रा करते हैं जिनके लिए राज्य सरकार सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराती है।

वही एक तरफ थाना मुरादनगर क्षेत्र के पाइपलाइन कावड़ मार्ग पर दर्जनों कावड़ शिविर कई वर्षों से लगाए जाते है शिव कावड़ सेवा संस्था लोनी पिछले 8 वर्षो से पाइपलाइन मार्ग मथुरापुर में विशाल एवं भव्य कावड़ सेवा शिविर का आयोजन करता है।

जिसमें हजारों की संख्या में कावड़ यात्री विश्राम करते हैं संस्था के सचिव राहुल सिंघल ने बताया कि 11 जुलाई से शिविर संचालित है जिसमें हर वर्ष म्युनिसिपल प्रशासन की तरफ से मोदी की कल्याणकारी योजना स्वच्छ भारत अभियान के तहत मोबाइल शौचालय लगाए जाते थे।

जो की इस बार एक सप्ताह से शिविर संचालित है अभी तक कोई सफाई कर्मी कूड़ा उठाने नहीं आया और ना ही मोबाइल शौचालय अभी तक लगाए गए शिविर में आने वाली महिला कावड़ यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है हम मामले की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और और नगर विकास मंत्री एक शर्मा से शिकायती पत्र भेजकर अवगत कराएंगे

## आधी रात एनकाउंटर, व्यापारी को लूटने वाले सभी बदमाश पकड़े गए



✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

स्वाट और इंदिरापुरम पुलिस के संयुक्त अभियान के बाद, गाजियाबाद पुलिस ने 20 से अधिक अपराधों से जुड़े छह लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 23 लाख रुपये नकद, दो अवैध पिश्तौल, कारतूस और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है।

पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश भी घायल हो गए और उनका इलाज चल रहा है। पुलिस अधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 14 जुलाई की रात 10 बजे एक व्यापारी से लूट का मामला सामने आया था।

घटना की जानतारी लगते ही तुरंत हमने पुलिस की टीमों को बदमाशों को खोजने के लिए लगा दिया था। स्वाट की टीमों ने भी अपना काम शुरू कर दिया था। सफल प्रयासों के बाद आज 6 अपराधियों को पकड़ लिया गया है।

पुलिस ने आगे बताया कि बदमाशों और पुलिस के बीच हुए एनकाउंटर में इन 6 अपराधियों को पकड़ा गया जिसमें 2 को गोली लगने के कारण जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी 4 आरोपियों को सामने पेश किया गया जिसमें सभी बुलंदशहर, नोएडा और गाजियाबाद के रहने वाले हैं। इनके गैंग का सरगना जिसका नाम सुरेंदर है,उसके खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में 13 मुकदमे दर्ज हैं।

आरोपियों के पास से लूट के 23 लाख रुपये नकद, दो अवैध पिश्तौल, कारतूस और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है।

## सरकारी धन दुरुपयोग प्रकरण में कल्याणपुर प्रधान के खिलाफ मामला, आबकारी अधिकारी को जांच से हटाया

### प्रधान पति दिलशाद शिकायतकर्ता को दे रहा धमकी

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷



विकास कार्यों के नाम पर पंचायत कल्याणपुर की ग्राम प्रधान नसीम फातिमा द्वारा किये गए सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में फस गई है।

शिकायत पर जांच समय से न होने पर डीएम जसजीत कौर गंभीर रुख अपनाते हुए जांच टीम के नामित जिला आबकारी अधिकारी को जांच से हटा दिया है। जिलाधिकारी ने कल्याणपुर के विकास कार्यों की जांच अब जिला विद्यालय निरीक्षक जय करन यादव को सौंपी है।

नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी समाजसेवी सईदुद्दीन सलमानी व अन्य लोगो ने शपथ पत्रों के साथ डीएम को विकास खण्ड कोतवाली की पंचायत कल्याणपुर में विकास कार्यो के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग करने पर ग्राम प्रधान नसीम फतिमा द्वारा गांव में कराये गए विकास कार्यों की जांच कराने के लिए शिकायत पत्र दिया गया था।

डीएम ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए 09 मई 25 को जांच कमेटी बनाकर जांच में नामित जिला आबकारी अधिकारी को जांच आख्या 30 दिन में उपलबध कराने के आदेश दिये थे। सात हफ्ते बीत जाने के बाद भी जब ग्राम प्रधान द्वारा गांव में कराये गए विकास कार्यो की जांच नही हुई तो 27 जून को शिकायतकर्ता समाजसेवी सईदुद्दीन ने जिलाधिकारी जसजीत कौर से मुलकात कर एक शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि प्रधानपति दिलशाद अंसारी अपराधी किस्म का व्यक्ति है। जिस पर नगीना थाने में कई संगीन अपराधिक मुकदमें दर्ज है, वो जेल भी जा चुका है और जिला बदर भी हो चुका है।

प्रधानपति दिलशाद शिकायत कर्ताओं को धमकी दे रहा है और गांव मे ऐलान कर रहा है कि जितनी भी शिकायते कर लो।, मेरी पत्नी की किसी भी तरह की कोई जांच नही होगी। जांच अधिकारियों से मेरी सेटिंग हो गयी है।डीएम जसजीत कौर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समय से जांच न करने पर जांच टीम के नामित जिला आबकारी अधिकारी को जांच से हटाकर अब जांच के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक जय करन यादव को नामित करते हुए 30 दिन के अंदर जांच आख्या देने के आदेश दिये है।

**प्रधान पति दिलशाद एक अपराधी किस्म का व्यक्ति है।**

दिलशाद अब शिकायतकर्ता को धमकी दे रहा है। दिलशाद के आपराधिक इतिहास को देखते हुए एडीएम प्रशासन ने अपराधी दिलशाद को जिला बदर भी किया है।दिलशाद पर आज भी कई मुक़दमे चल रहे हैं।

## संगठन महामंत्री की माता जी की आरिष्टी रस्म स्वास्तिक गार्डन में संपन्न हुई

### राजनीतिक हस्तियो ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए





✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

उत्तर प्रदेश बीजेपी के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह माता की आरष्टि में श्रद्धांजलि देने पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या व छोटे बड़े मंत्री, भाजपाई, हिंदूवादी नेताओ, सहित हजारों लोगो ने पहुंच कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी की माता भाग्यवती का 5 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया था।

बृहस्पतिवार 17 जुलाई को फोर लाइन नेशनल हाईवे (धामपुर रोड) स्थित स्वशितक गार्डन मैं आरष्टी कार्यक्रम रखा गया। आरष्टी कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का हेलीकॉप्टर स्वशितक गार्डन से थोड़ी दूर बनाए गए हेलीपैड पर ठीक 2 बजे उतरा जहां से कार द्वारा श्रद्धांजलि सभा स्थल पहुंचे। जहां उन्होंने भाग्यवती को पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा के शांति की प्रार्थना की। केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि तन, मन जीवन समर्पित और समाज के लिए कुछ और भी दूं इस संस्कार को देने वाली माता जी नहीं रही।

आज उनको श्रद्धांजलि देने के लिए आया हूँ। हमारे साथी धर्मपाल सैनी की माता के निधन पर हम सभी को बहुत दुख है ।लेकिन माता भाग्यवती ने राष्ट्र को कोहिनूर जैसा पुत्र दिया जो सूर्य की तरह भारतवर्ष में चमक रहा है। भगवान से यही प्रार्थना है कि वह उनकी आत्मा को श्री चरणों में स्थान दे।

जो आता है वह जाता हैं यह प्रकृति का नियम है माता जी का जो आर्शीवाद है वह स्वर्ग से भी स्नेहजनों को मिलता रहेगा।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन माहमंत्री बी एल संतोष, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, राजेंद्र चौधरी सूचना आयुक्त लखनऊ, अर्जुन मुंडा केरल राज्यपाल, गिरीश चंद यादव स्वतंत्र प्रभार मंत्री, संजय निषाद कैबिनेट मंत्री, आनंदपूर्ण देवी बाल विकास एवं महिला आयोग मंत्री, राम हृदय राम अनुसूचित जाति एवं विकास मंत्री, बैजनाथ अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति, सरवन सिंह बघेल विशेष कार्य अधिकारी मुख्यमंत्री, कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, बलदेव सिंह कृषि शिक्षा मंत्री, दयाशंकर सिंह परिवहन मंत्री, सुनील भराला स्वतंत्र प्रभामंत्री, सुनील शर्मा राज्य मंत्री, अरुण कुमार पर्यावरण मंत्री, आकाश सक्सेना सांसद राज्यपाल, अरुण कुमार पर्यावरण मंत्री, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, प्रमोद चौहान अंजनी मित्तल, सौरभ मित्तल, नीरज बिश्नोई, मनोज बाल्मीकि, राजकुमार सेठी, तिलक राज, लवी मित्तल, प्रहलाद सिंह कुशवाहा, सोहन सैनी,आदि समेत हजारों भाजपायों और हिंदूवादी संगठनों के नेताओं . तथा यतेन्द्र नंद गिरी महाराज जूना अखाड़ा, एम एल सी अशोक कटारिया, विधायक सूची चौधरी के पति मौसम भैया,विधायक अशोक राणा, ओम कुमार पहुंच कर संगठन मंत्री धर्मपाल सैनी की माता भाग्यवती को के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान हेतु कैंप का आयोजन!

✷ एनसीआर टुडे. स्योहारा ✷

सरकार विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने हेतु विभिन्न प्रकार की योजनाओं से




लाभान्वित करने हेतु उपभोक्ताओं को सुनहरा अवसर प्रदान करने में प्रयास रत हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेट लिमिटेड, 17 18 19 जुलाई 2025, विद्युत विभाग की ओर से विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान हेतु, कैम्प का आयोजन प्रत्येक विद्युत खंड कार्यालय में सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 5:00 तक विद्युत संबंधी समस्या का निदान किया जाएगा।

एसडीओ देहात धर्मेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि उपभोक्ताओं योजनाओं से लाभान्वित हो, कैंप का उद्देश्य उपभोक्ताओं से संबंधित, बिलों में सुधार मीटर रीडिंग में सुधार, नए कनेक्शन, प्राप्त करने हेतु, प्रार्थना पत्र विद्युत चोरी से संबंधित ए सामाजिक तत्वों को विभाग को सूचित करके, विभाग का सहयोग करें, आदि अन्य समस्याओं का समाधान हेतु सीधा संपर्क करें, एसडीओ द्वारा चलाए जा रहे हैं। अभियान द्वारा विभाग को ला पहुंचने में किसी प्रकार की कोई कर कम नहीं छोड़ रहे हैं, उपभोक्ता भी इनकी भाषा शैली कार्यशैली से प्रभावित होकर संतुष्ट दिखाई दे रहे हैं, अपनी ओर से उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत विभाग को भरपूर सहयोग दे रहे हैं!

## टैक्स को लेकर अदनान अंसारी ने राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी से की चर्चा

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷



स्योहारा नगर में बढ़ते टैक्स को लेकर स्थानीय जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में समाजसेवी अदनान अंसारी ने उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री श्री दानिशआज़ाद अंसारी से ख़ास मुलाकात कर टैक्स वृद्धि के मुद्दे पर गंभीर चर्चा की।

अदनान अंसारी ने मंत्री जी के समक्ष नगर पालिका द्वारा किए जा रहे टैक्स में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और उससे आमजन पर पड़ने वाले प्रभाव को विश्तार से रखा।

उन्होंने कहा कि 'महंगाई पहले ही चरम पर है, ऐसे में टैक्स में वृद्धि से मध्यम और निम्न वर्ग की मुश्किलें और बढ़ेंगी। राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने अदनान अंसारी की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि वे इस विषय को उच्च अधिकारियों के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा, 'जनहित सर्वोपरि है। हम कोशिश करेंगे कि टैक्स निर्धारण में पारदर्शिता और न्यायिक दृष्टिकोण अपनाया जाए।'

इस चर्चा को स्थानीय जनता ने सराहा है और उम्मीद जताई है कि सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी।

## खैर में आईएएस प्रभांशु श्रीवास्तव को किया सम्मानित

✷ एनसीआर टुडे. खैर ✷

वर्ष 2004 में खैर में एसडीएम रहे आईएएस कैप्टन प्रभांशु श्रीवाश्तव का गुरुवार को महाबली कॉम्प्लेक्स में स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान उन्होंने अपनी प्रशासनिक नौकरी के अनुभव साझा किये।

उन्होंने कहा कि अधिकारी अफसर नहीं जनता का सेवक बनकर कार्य करें तो हर जगह सम्मान मिलता है। वह एसडीएम, एडीएम, सीडीओ से लेकर जिलाधिकारी के पद पर अनेक स्थानों पर रहे। इस दौरान उन्होंने खुद को हमेशा एक लोकसेवक (जनता का सेवक) मान कर ही कार्य किया।

दिन हो या रात पीड़ित की समस्या का निदान करना ही उनकी प्राथमिकता रही। खासकर बुजुर्गों में उन्हें अपने माता पिता नजर आते थे।

## ट्रिपल ए की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर जोर : डॉ स्नेही

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷





सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा के अधीक्षक डॉ0बी0 के0स्नेही के कुशल मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिरो और उपकेंद्रों में आज गुरुवार 17 जुलाई 2025 को ट्रिपल ए (AAA) बैठक का सफल आयोजन किया गया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में सुपरवाइजर, सी एच ओ, ए एन एम, संगिनी आदि सभी की उपस्थिति विशेष रही,। जिन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सेवाओं के समन्वय पर चर्चा इस दौरान सभी जगह चर्चा की गई। बैठक में CHO सहित सभी आशा कार्यकर्ता और एएनएम मौजूद रहीं। जिसमें अवरोधित परिवार/VAB सूची, VAB की परिभाषा, तथा VAB परिवारों की पहचान और सूचना प्रसार के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही, इस दौरान सत्र पूर्व आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी सेविकाओं और स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों के सहयोग से VAB परिवारों के दौरे पर विशेष बल दिया।

**स्वास्थ्य डाटा अपडेट और प्रबंधन पर भी इस दौरान जोर दिया गया।**

इस अवसर पर ANM RCH रजिस्टर में बच्चों और गर्भवती महिलाओं की पूरी जानकारी को अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। सी-बैक फॉर्म को ऑफलाइन और ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया पर विश्तार से चर्चा हुई।

इसके अलावा, VHSNC (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति) की बैठकों और अनटाइड फंड की कार्ययोजना के महत्व को रेखांकित किया गया। सभी ने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि VHIR आशा डायरी के सभी भागों में आवश्यक जानकारियाँ भरी जाएं और आशा कार्यकर्ताओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

कुपोषण, कुष्ठ और टीबी अभियान पर विशेष फोकस करने को कहा गया।

बैठक में SAM (गंभीर रूप से कुपोषित) बच्चों की सूची पर गहन चर्चा हुई, जिसमें उनके प्रबंधन और देखभाल के उपायों पर प्रकाश डाला गया। कुष्ठ रोग और टीबी रोग अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक कदमों पर भी विश्तार से चर्चा की गई।

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भूमिका और जवाबदेही तय भी इस दौरान तय की गई।

बैठक के दौरान यह निर्देश दिया गया कि सभी आशा कार्यकर्ताओं का वार्षिक रजिस्टर ट्रिपल ए बैठक में ANM, CHO और सुपरवाइजर द्वारा नियमित रूप से जांचा जाए। साथ ही, उन आशा कार्यकर्ताओं की पहचान की जाए, जिन्होंने अब तक रजिस्टर में कार्य अद्यतन नहीं किया है।

**इस दौरान बैठक में मौजूद प्रतिभागी**

इस अवसर पर अमृता गौरव,संगीता सिंह, रीता सिंह , पूजा,अर्चना त्यागी, अंशु भारद्वाज, मुकलेश कुमारी,सरिता चौहान,अर्चना चौहान, सादिक, अमित कुमार,आरती, पुष्पेंद्र स्वामी, रश्मि सैनी समेत कई अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस बैठक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ता, सामुदायिक सहभागिता और प्रभावी क्रियान्वयन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए, जिससे क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## जावेद विकार व गणमान्य लोगों ने किया फ्री मेडिकल कैंप का उद्घाटन

✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷



जसपुर-काशीपुर मार्ग पर स्थित एएच हॉस्पिटल एवं जच्चा बच्चा केंद्र पर एक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जावेद विकार व गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से कैंप का फीता काट कर उद्घाटन किया। तथा मरीजों का निशुल्क प्रशिक्षण कर दवाइयां वितरण की गई।

बृहस्पतिवार को जसपुर काशीपुर मार्ग पर स्थित एएच हॉस्पिटल एंव जच्चा बच्चा केंद्र पर उजाला हॉस्पिटल काशीपुर के सौजन्य से एक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें मरीजों का फ्री स्वास्थ्य परीक्षण व खून की जांच कर निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। चेयर पर्सन पति जावेद विकार व गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से पिता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जावेद विकार ने कहा किया नगर में लगातार बढ़ रहे अस्पतालों की संख्या पर नगर वासियों के लिए काफी सुविधा उपलब्ध मिल रही है तथा मरीजों को अस्पतालों में लगने वाले कैंपों से बड़े हॉस्पिटलों में मिलने वाली सुविधाओं से परिचित हो जाते है कैंप में सौ मरीजों से अधिक ने लाभ उठाया।

इस अवसर पर जावेद विकार के अलावा पूर्व चेयरमेन नफीस कुरैशी, डॉक्टर अमित वत्सल (फिजिशयन), डॉक्टर राजकुमार (ईएनटी), डॉक्टर राघव (ओकथो), मौहम्मद रमीज़ (मार्केटिंग मैनेजर), डरोहित कुमार शुक्ला (नर्सिंग ऑफिसर), डॉक्टर मौहम्मद इरफान सैफी, डॉक्टर सलमान सैफी, डॉक्टर सुहाना, शेख़ मौहम्मद ज़ैद, अजय कुमार, संदीप कुमार, इमरान भण्डारी, मौहम्मद अयान, मौहम्मद फरहान, अनुज सैनी, महक परवीन, लुत्फा परवीन, बुशरा शाहिद, बुशरा रफीक, कल्पना चौहान, सभासद कलवा कुरैशी, सभासद रिजवान हसन,बबीता रूहैला, आदि मौजूद थे।

# संपादकीय

## हिंदी सामग्री में हो रही उल्लेखनीय प्रगति

नवीन संचार तकनीकों की क्रांति ने जिस प्रकार से वैश्विक श्तर पर संवाद और अभिव्यक्ति के स्वरूप को परिवर्तित किया है, उसी परिवर्तन ने भारत जैसे बहुभाषिक देश की प्रमुख भाषा 'हिंदी' को भी एक नई पहचान और नई शक्ति दी है। पहले जहाँ हिंदी को पारंपरिक मीडिया – जैसे रेडियो, दूरदर्शन और प्रिंट पत्रकारिता तक सीमित देखा जाता था, वहीं आज न्यू मीडिया ने इसे बहुआयामी और वैश्विक मंच प्रदान किया है।

हिंदी भाषा अब केवल साहित्यिक या प्रशासनिक सीमाओं में सिमटी नहीं रह गई, बल्कि उसने फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, ब्लॉगिंग, पॉडकास्ट, ओटीटी, ऑनलाइन शिक्षा, वेब पत्रकारिता और डिजिटल मार्केटिंग जैसे सभी प्रमुख न्यू मीडिया प्लेटफार्मों पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज की है। इस लेख में हम हिंदी की डिजिटल यात्रा की इस उल्लेखनीय प्रगति का बहुआयामी मूल्यांकन करेंगे। न्यू मीडिया का सबसे प्रभावशाली पक्ष यह है कि यह विकेंद्रीकृत है, जन-सुलभ है और पारंपरिक नियंत्रणों से मुक्त है। यही कारण है कि हिंदी भाषा, जो लंबे समय तक शहरी अभिजात्य मीडिया में हाशिये पर थी, न्यू मीडिया के मंच पर केंद्र में आ गई है।

आज एक साधारण ग्रामीण व्यक्ति भी अपने मोबाइल फोन से यूट्यूब चैनल बना सकता है, ब्लॉग लिख सकता है या फेसबुक पोस्ट के माध्यम से अपने विचारों को लाखों लोगों तक पहुँचा सकता है – और वह भी अपनी मातृभाषा हिंदी में। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यूट्यूब पर मौजूद हजारों हिंदी चैनल हैं, जिनमें कृषि से लेकर राजनीति, शिक्षा से लेकर हास्य, खाना बनाने से लेकर टेक्नोलॉजी तक हर क्षेत्र की सामग्री हिंदी में बनाई जा रही है और करोड़ों दर्शकों तक पहुँच रही है। यही नहीं, हिंदी चैनल अब अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच भी लोकप्रिय हो रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि न्यू मीडिया ने हिंदी को सीमाओं से परे पहुँचाया है।

यह प्रगति मात्र तकनीकी सुविधा का परिणाम नहीं है, बल्कि एक सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तन की द्योतक है। डिजिटल युग ने लोगों की यह धारणा तोड़ दी है कि ज्ञान, संवाद और नवाचार केवल अंग्रेजी भाषा के दायरे में ही संभव हैं। न्यू मीडिया ने हिंदी को विचार और विमर्श की भाषा बना दिया है। हिंदी में न केवल मनोरंजन की सामग्री बन रही है, बल्कि गंभीर राजनीतिक विश्लेषण, साहित्यिक आलोचना, वैज्ञानिक संवाद, पर्यावरणीय विमर्श और स्त्रीवादी विचार भी डिजिटल रूप से अभिव्यक्त किए जा रहे हैं। उदाहरणस्वरूप, 'दी लल्लनटॉप' जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म ने हिंदी पत्रकारिता को एक नई ऊर्जा और शैली प्रदान की है। वहीं, 'द क्विंट हिंदी', 'गाँव कनेक्शन', 'हिंद किसान', 'जनचौक' आदि पोर्टल्स ने हिंदी में डिजिटल पत्रकारिता को विश्वसनीयता और विस्तार प्रदान किया है।

इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया ने हिंदी की रचनात्मकता को अभूतपूर्व मंच दिया है। फेसबुक पर रोजाना हजारों हिंदी कविताएँ, कहानियाँ, संस्मरण और विचार प्रकाशित होते हैं। ट्विटर पर #हिंदीकविता या #हिंदीशायरी जैसे ट्रेंड बतलाते हैं कि हिंदी साहित्य अब केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि डिजिटल संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। वहीं, इंस्टाग्राम और रील्स जैसे विजुअल माध्यमों पर भी हिंदी की लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वहाँ युवा पीढ़ी हिंदी के मिश्रण से नया शहरी-सांस्कृतिक रूप गढ़ रही है, जो न केवल भाषा के प्रति अपनत्व को दिखाता है, बल्कि उसकी सृजनात्मक उर्वरता को भी सिद्ध करता है।

हिंदी की यह प्रगति डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय है। COVID-19 महामारी के बाद जब पूरा विश्व ऑनलाइन शिक्षण की ओर मुड़ा, तब हिंदी में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री की भारी माँग उत्पन्न हुई। इस आवश्यकता ने हजारों हिंदी यूट्यूब एजुकेटर को जन्म दिया – जो प्रतियोगी परीक्षाओं से लेकर तकनीकी विषयों और भाषा प्रशिक्षण तक को हिंदी में सिखा रहे हैं। उदाहरण के लिए, 'Study IQ Hindi', 'Wifistudy', 'Unacademy Hindi', 'Physics Wallah' जैसे प्लेटफ़ॉर्म्स ने हिंदी माध्यम के छात्रों को डिजिटल माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने का सशक्त साधन दिया है। यह परिवर्तन न केवल भाषाई न्याय का संकेत है, बल्कि डिजिटल साक्षरता के समावेशी स्वरूप का भी परिचायक है।

साहित्यिक दृष्टि से भी यह काल हिंदी के लिए अत्यंत उर्वर सिद्ध हो रहा है। ब्लॉगिंग, ई-पत्रिकाएँ, ई-बुक्स और पॉडकास्ट ने हिंदी साहित्य को नए पाठकों और श्रोताओं से जोड़ा है। 'हिंदवी', 'प्रतिलिपि', 'कविता कोश', 'गद्य कोश', 'रेख्ता' आदि पोर्टल्स और एप्स पर लाखों पाठक हिंदी साहित्यिक सामग्री पढ़ते हैं। ऑडियोबुक प्लेटफॉर्म्स जैसे कि 'Storytel', 'Kuku FM' और 'Pocket FM' ने हिंदी साहित्यिक धरोहर को आवाज दी है, जिससे प्रेमचंद, अज्ञेय, रेणु, शिवानी जैसे लेखकों की कहानियाँ पुनः जीवंत हो रही हैं। साथ ही, नए लेखक भी डिजिटल रूप से प्रकाशित हो रहे हैं, जिनकी रचनाएँ अब प्रिंट में आए बिना ही लोकप्रियता हासिल कर रही हैं। हालाँकि, यह प्रगति कुछ चुनौतियों के साथ भी आती है।

हिंदी सामग्री की गुणवत्ता, तथ्यात्मक सटीकता, भाषा शुद्धता और व्याकरणिक अनुशासन की कमी अनेक बार देखने को मिलती है। इसके अतिरिक्त, हिंदी कंटेंट को व्यावसायिक रूप से लाभकारी बनाने में अभी भी कई बाधाएँ हैं। अधिकांश विज्ञापन एजेंसियाँ अभी भी अंग्रेजी को प्राथमिकता देती हैं। न्यू मीडिया एल्गोरिद्म भी अंग्रेजी सामग्री को अधिक प्रमोट करते हैं। हिंदी सामग्री निर्माताओं को तकनीकी टूल्स की सीमाओं, अनुवाद की कठिनाइयों और डिजिटल संसाधनों की अनुपलब्धता का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं के समाधान हेतु सरकार, तकनीकी कंपनियों, विश्वविद्यालयों और स्वतंत्र शोध संस्थाओं को मिलकर प्रयास करना चाहिए। एक हिंदी डिजिटल सामग्री आयोग की स्थापना की जानी चाहिए, जो गुणवत्ता, भाषा नीति और आर्थिक समर्थन पर कार्य करे। हिंदी को डिजिटल एआई और मशीन ट्रांसलेशन में शामिल करने के लिए विशेष प्रोग्राम विकसित किए जाने चाहिए। साथ ही, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में डिजिटल हिंदी साक्षरता अभियान चलाया जाना चाहिए, ताकि अधिकाधिक लोग हिंदी के माध्यम से न्यू मीडिया का लाभ ले सकें।

इस समूचे परिप्रेक्ष्य में यह स्पष्ट है कि न्यू मीडिया में हिंदी सामग्री की जो प्रगति हो रही है, वह मात्र भाषा के लिए नहीं, बल्कि भारत की सामाजिक समावेशिता, सांस्कृतिक निरंतरता और डिजिटल आत्मनिर्भरता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हिंदी अब केवल 'मातृभाषा' नहीं, बल्कि 'डिजिटल क्रांति की अग्रदूत भाषा' बन चुकी है। यह न केवल विचारों को अभिव्यक्त कर रही है, बल्कि पहचान, अवसर, सशक्तिकरण और वैश्विक संवाद का माध्यम भी बन रही है। आवश्यकता केवल यह है कि इस दिशा में नीतिगत, तकनीकी और सांस्कृतिक रूप से संगठित प्रयास हों, ताकि यह प्रगति सतत, सर्वसमावेशी और अंतरराष्ट्रीय श्तर पर प्रभावशाली बन सके।

# भारत का दुश्मन है चीन के पास जाना देशहित में नहीं

**संजय गोस्वामी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में सोमवार 15 जुलाई क़ो 5साल बाद जाना देश के लिए शर्म की बात है चीन में रहते हुए, जयशंकर मंगलवार को तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने से देश के प्रति स्नेह नहीं व्यापार हेतु जाना ठीक नहीं था।

उन्होंने ऐ भी कहा कि पिछले नौ महीनों में भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में अच्छी प्रगति हुई है, और उन्होंने सीमा पर तनाव के समाधान का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया। हालाँकि, उन्होंने सीमा से जुड़े अन्य पहलुओं, जिनमें तनाव कम करना भी शामिल है, पर ध्यान देने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

पाकिश्तान का ही नहीं बल्कि अब दूसरा दुश्मन देश बांग्लादेश का भी मित्र देश है चीन भारत का दोश्त नहीँ दुश्मन है क्योंकि वह ऑपरेशन सिंदूर मैँ खुल कर पाकिश्तान क़ो घातक हथियार दिए और उस वजह से भारत क़ो नुकसान भी हुआ उन भारतीय सैनिक के दिल से पूछिए की पाकिश्तान अभी भी कश्मीर मैँ आतंकवादी क़ो भेज रहा है और इन आतंकवादी क़ो चीन हीं हथियार भी दे रहा है।

इसलिए भारत क़ो वहीँ जाना चाहिए जहाँ चीन और पाकिश्तान ना हो ये दोनों एक हीं सिक्के के दो पहलू हैं अब हश्ताक्षर ना करना भी इस बात क़ो दर्शाता है कि आपकी नहीँ सुनी गई भारत एक लोकतान्त्रिक देश है और 140 करोड़ देशवासियों का देश है और भारत किसी का गुलाम nahi है कि वो सिखायेगा कि भारत क़ो क्या करना है।

भारत के सैनिको मैँ जबरदश्त जोश है और किसी भी स्थिति से लड़ने क़ो तैयार है और टेक्नोलॉजी में भी किसी देश से कम नहीं है ये jo अमेरिका का बी -2 बमर है। उसका डिज़ाइन भी भारतीय ने किया है ये अलग बात है टेक्नोलॉजी दूसरे देश क़ो देने के कारण उन्हें जेल में डाल दिया गया अमेरिका में जितने युद्ध के हथियार है अधिकतर क़ो हमारे देश के वैज्ञानिक के द्वारा दि गई तकनीक है। क्योंकि जो यहाँ टैलेंटेड होते हैं वो अमेरिका चले जाते हैं और भारत के लोग भी इसे बहुत अच्छा मामते है कि देखो वो अमेरिका में खुब पैसा कमा रहा है अब इस सोच से बाहर निकलना होगा।

क्योंकि अब जिस तरह युद्ध हो रहे हैं उसमें दूसरे देश कूद जाते हैं और अपनी दादागिरी दिखाते हैं ये बात अब इजराइल क़ो भी समझ आ गई होगी और रूस यूक्रेन का युद्ध भी नाटो बनाम रूस हो गया और रूस का उन देशों के प्रति कहीं ना कहीं समर्थन है जिससे युद्ध जिस उद्देश्य के लिए हो रहा है, वो समझ में ही नहीं आता आखिर जीता क्यों लेकिन 9/11 हमले में दो वर्ड ट्रेड सेंटर क़ो अलकायदा ने निशाना बनाया तो अमेरिका ने उसपर एक तरह से कब्ज़ा ही कर लिया था।

बाद में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बायडेन ने बापस बुलाया यही नहीं इराक उसका मज़ाक उड़ाया, तो उसका क्या हाल हुआ वो सबको मालूम है अमेरिका ने ईरान ने इजराइल के कहने से ज्यादा वहाँ के अन्य मुस्लिम देशों ने अमेरिका क़ो अच्छी खासी रकम दि है जिससे ट्रम्प ने बी -2 बमवर्षक विमान से ईरान के तीनो परमाणु ठीकानो क़ो पूरी तरह बर्बाद कर दिया और अब ईरान का बम बनाने का सपना अधूरा रह गया खबर में कुछ भी बता देते हैं लेकिन उसमें हकीकत नहीं रहता अगर ईरान ने भारी मात्रा में यूरेनियम क़ो वहाँ से हटा दिए है।

तो वो किस काम का है 60 प्रतिशत तक संवर्धित है और 90 परसेंट करने में कम से कम 5साल लगेंगे ये दूसरे बम जैसा नहीं है कि जब चाहे बना लिए उसमें रेडियो। परमाणु हथियार के रूप में इश्तेमाल करने के लिए इसे लगभग 90 प्रतिशत तक संवर्धित करने की आवश्यकता है। अतः ईरान का परमाणु कार्यक्रम अब अमेरिका डील कर रहा अब उसे इजराइल से क़ोई मतलब नहीं रहा यही बात अब दूसरे देश क़ो भी सिखने की जरुरत है यदि आपके पास अपना सामर्थ है तो युद्ध करो बरना आपस में समझौता कर लो हकीकत ये है कि भारत द डेली टेलीग्राफ और अन्य स्रोतों के अनुसार, चीन ने मई और जून 2020 के बीच भारतीय गश्त वाले 60 वर्ग किलोमीटर (23 वर्ग मील) क्षेत्र पर कब्जा कर लिया और पाक अधिकृत काश्मीर में अपना नेटवर्क बना रहा है और चीन ने कश्मीर के करीब 20 फीसदी हिस्से पर कब्जा किया है।



इस हिस्से को अक्साई चिन के नाम से जाना जाता है. चीन और भारत के बीच जब 1962 में युद्ध हुआ तो उसने भारत के इस पूरे हिस्से पर अपना कब्जा कर लिया था. ये जम्मू-कश्मीर का उत्तर पूर्वी हिस्सा है, जिसे लेकर पिछले कई सालों से भारत और चीन के बीच तनाव है। चीन ने केवल भारत क़ो ही नहीं परेशान कर रहा है बल्कि तिब्बत क़ो भी कब्जे में लिया और उनके धर्म गुरु दलाई लामा भारत में हैं और तिब्बत का यहाँ एक अस्थाई सरकार भी धर्मशाला में है जिसे तिब्बत का अस्थाई सरकार धर्मशाला में है और जिसे तिब्बत सेंट्रल एडमिन्सटर कहते हैं और ये सभी भगवान बुद्ध क़ो मानने वाले शांति प्रिय लोग है यहाँ उनके सारे मंत्रालय भी हैं जिसमें रक्षा नहीं है क्योंकि ये भारत के हिस्से में है ये 1956 से भारत में पंडित नेहरू के कहने पर बड़ी संख्या में अपने धर्म गुरू दलाई लामा के साथ भारत आए थे जब तिब्बत ने 16 बिंदु के करार क़ो न मान कर तिब्बत क़ो अपने कब्जे में ले लिया जो चीन की बाहबाही करते है।

जरा सा अपने वीर योद्धा पर भी ध्यान दें सियाचिन का गलेशियर जो भारत को पाकिश्तान और चीन द्वारा की जाने वाली घुसपैठ को रोकने में मदद करता है.वहाँ का तापमान -30 डिग्री में अपने जवान किस तरह सीमा की रक्षा कर रहे हैं और जिंदगी में क्या पाया भारत माता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया चीन ने कश्मीर के करीब 20 फीसदी हिस्से पर कब्जा किया है।

इस हिस्से को अक्साई चिन के नाम से जाना जाता है. चीन और भारत के बीच जब 1962 में युद्ध हुआ तो उसने भारत के इस पूरे हिस्से पर अपना कब्जा कर लिया था. ये जम्मू-कश्मीर का उत्तर पूर्वी हिस्सा है, जिसे लेकर पिछले कई सालों से भारत और चीन के बीच तनाव है.इसलिए जहाँ देखें चीन की धरती है वहाँ कदम भी रखना देश के लिए ठीक नहीं है क्योंकि वहाँ वो आखिर आपकी क्या सुनेगा और खून का घुट पी कर आना पड़ेगा भारत स्वतंत्र देश है हम क्या ले क्या पहने ये मेरा अधिकार है चीन से तो बना हुआ क़ोई समान मैं तो नहीं लेता हूँ यहाँ तक की चाइनीज फ़ूड भी क्योंकि देश सर्वोपरि है।

हमारी टेक्नोलॉजी उससे बेहतर है तभी तो केरल में जासूसी करने आए एक ब्रिटिश विमान क़ो लॉक ही कर दिया चीन से सामान ही ना लो महात्मा गाँधी इसलिए विदेशी चीजों का वहिष्कार करते थे लेकिन आजादी के बाद देश का दुर्भाग्य ही कहे हमने उस पर अमल नहीं किया और आजादी के 77 साल बाद भी चीन की चाल क़ो समझ नहीं रहे हैं ये बाद में अत्यंत हानिकारक होगा।

इसलिए चीन के समान जब भारत में देखता हूँ तो कुछ समय के लिए सोचता हूँ सस्ता तो है लेकिन ये खरीदने से चीन की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और इसी पैसे से फिर आतंकवादी क़ो भारत के खिलाफ हथियार देगा छोड़ो इसे नहीं चाहिए देश सर्वोपरि है.इससे विदेश में न्यूज़ में अच्छा नहीं लग रहा है भारत के स्वाभिमान का प्रश्न है भारतीय लोग भगवान राम के भक्त हैं जो मर सकते हैं लेकिन देश से कभी चीन और पाकिश्तान की धरती पर पैर नहीं रखेंगे जिन्होंने हमारे ही भाई बहन के पहलगांव में आतंकवादी हमले में मारे गए थे और पाकिश्तान के साथ युद्ध में चीन ने खुला समर्थन किया था। ऐ मैं नहीं सेना के उप प्रमुख कह चुके हैं।

अतः सर कटा सकते हैं लेकिन दुश्मन के आगे सर नहीं झुका सकते हैं यहीं गुरु गोविन्द सिंह जी ने भी भारतीय क़ो एक संदेश दिया कि अपना ईमान धर्म कभी दुश्मन के आगे नहीं झुकाना शरीर का क्या है ऐ तो मरने के लिए ही पैदा हुआ है लेकिन भारत माता के सम्मान में ही मरेगा और कभी दुश्मन के सामने कदम भी नहीं रखेगा क्योंकि उसने हमें नहीं देश की सेना क़ो कुचलने का प्रयास किया लेकिन हमारे सैनिकों ने मुहतोड़ जबाब दिया।

सेना के स्वाभिमान क़ो समझना चाहिए वो सिर्फ पैसे के लिए नहीं लड़ते हैं वे देश के हीरो है जो अपनी जान की बाजी लगा कर हम सभी की रक्षा कर भारत माता क़ो सर्वोपरि मानते हैं उसे छुपाने के लिए कुछ मीडिया का ऐ कहना की अमेरिका क़ो मुँह दिखाने के लिए ऐ वहाँ अच्छा रिश्ता के गए हैं लेकिन कैसे होगा धोखेबाज चीन से जब हमारे वीर सैनिक दलवान में शहीद होते हैं और सीने में गोली खाते हैं क्या देश का सम्मान यहीं है।

एक तरफ आप खुनी लोगों के आतंकी क़ो सपोर्ट करो और फिर देश का बड़े ओहादा के मंत्री क़ो वहाँ जाना कहाँ तक उचित है अमेरिका तो बहुत दूर है लेकिन जो सामने आपका दुश्मन खड़ा है उसे कैसे भूल सकते हैं इससे सेना का अपमान होता है देश सर्वोपरि है उसकी रक्षा करना किसी एक की नहीं 140 करोड़ लोगों की ताकत है जो दुश्मन के दरवाजे की ओर जाना तो दूर ताकझाँक तक नहीं करेगा।

# विदेशी मोर्चे पर भारत को दोहरा झटका

**सर्वमित्रा सुरजन**

अगर चीन और पाकिस्तान कोई नया संगठन बनाते हैं और उसमें बांग्लादेश, अफगानिस्तान, नेपाल और मालदीव जैसे देश शामिल हो जाते हैं, तो भारत को जरूर चिंता होगी। भूटान को छोड़ दें तो कोई भी दक्षिण एशियाई देश शायद भारत के साथ खड़ा नहीं होगा। यानी भारत के लिए बड़ी चुनौती खड़ी होने वाली है।

मोदी सरकार से घर तो संभल नहीं रहा, विदेश नीति में भी नरेन्द्र मोदी पूरी तरह नाकाम हो चुके हैं, यह बात कई तरह से सामने आई है। लेकिन हाल में दो ऐसे वाकए वैश्विक श्तर पर हुए हैं, जो भारत के लिए चिंताजनक हैं। हालांकि इस बात की पूरी उम्मीद है कि मोदी सरकार या भाजपा के कट्टर समर्थक इन चिंताओं को हवा में उड़ाकर कह दें कि मोदी है तो मुमकिन है और उसके बाद सब चंगा सी। लेकिन इस रवैये से न उनका भला होगा, न देश का। जुमलों से राजनीति चल सकती है, चुनाव जीते जा सकते हैं, जनता का ध्यान भी भटकाया जा सकता है, लेकिन वैश्विक मंच पर जुमले कारगर नहीं होते, खासकर ऐसे वक्त में जब भारत को नीचा दिखाने के लिए लोग बरसों से तैयार बैठे हों।

पहला प्रकरण यह है कि नाटो के प्रमुख मार्क रूट ने भारत को बाकायदा धमकी दी है कि अगर उसने रूस से व्यापार संबंध खत्म नहीं किए तो 100 प्रतिशत सैकेंडरी सेन्कशन्स यानी प्रतिबंध लग जाएंगे। दूसरा प्रकरण यह है कि चीन अब पाकिस्तान के साथ मिलकर दक्षिण एशियाई देशों के लिए कोई नया संगठन खड़ा करने की तैयारी में है। इस संगठन में भारत का कोई स्थान तो नहीं ही होगा, लेकिन नयी खतरनाक चुनौतियां रहेंगी, यह तय है। याद कीजिए राहुल गांधी ने संसद में कहा था कि मोदी सरकार की गलतियां चीन और पाकिस्तान को साथ ला रही हैं, अब वह आरोप सिद्ध होता दिख रहा है।

1947 में मिली आजादी के बाद ही भारत न केवल आर्थिक तौर पर अपने पैरों पर खड़ा होने के काम में जुट गया, बल्कि अपने जैसे कई और देशों का इकबाल बुलंद करने के लिए पं.नेहरू ने गुटनिरपेक्षता का सिद्धांत दिया, जिसे तीसरी दुनिया के देशों ने हाथों-हाथ लिया। दूसरी तरफ पश्चिम का दबाव कम करने के लिए दक्षेस का गठन हुआ। दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन यानी दक्षेस यानी सार्क जब 1985 में बना तब उद्देश्य यही था कि इसमें शामिल सभी देश एक दूसरे के साथ सहयोग करते हुए आगे बढ़ेंगे। 2014 के पहले की तमाम सरकारों ने सार्क के महत्व को बनाए रखा। पाकिस्तान के साथ कारगिल युद्ध होने के बावजूद सार्क के खत्म होने की नौबत नहीं आई। 2014 में जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार पदभार ग्रहण किया तो सार्क देशों के प्रमुखों को न्यौता भेजकर यह जाहिर किया था कि वे भी अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों की राह पर चलकर विदेश नीति को वैसे का वैसा बनाए रखेंगे। लेकिन साल बीतते न बीतते श्री मोदी की अलग पहचान बनाने की ख्वाहिश ने ऐसा जोर पकड़ा कि अब सार्क पूरी तरह अप्रासंगिक हो गया है और इस शून्य को भरने के लिए चीन और पाकिस्तान नयी चाल चल रहे हैं। हाल ही में चीन के कुनमिंग शहर में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के बीच त्रिपक्षीय बैठक हुई थी। बताया जा रहा है कि इस बैठक का उद्देश्य दक्षिण एशियाई देशों को इस नए संगठन में शामिल होने का आमंत्रण देना था।

हालांकि बांग्लादेश ने ऐसी किसी संभावना से इंकार किया है। लेकिन इस तथ्य को कैसे झुठलाया जा सकता है कि चीन के कारण पाकिस्तान और बांग्लादेश एक साथ बैठे, और भारत इसमें अलग-थलग रहा। शेख हसीना को अपदस्थ करने और मो.युनूस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार बनने के बाद से ढाका से भारत के रिश्ते खराब हो रहे हैं। इधर पाकिस्तान के साथ तो बात लगातार बिगड़ ही रही है। अभी ऑपरेशन सिंदूर में जब पाकिस्तान हार की कगार पर था, एक तरफ से अमेरिका ने सीजफायर का ऐलान कर दिया और दूसरी तरफ से पाक को आधुनिक हथियार देने के लिए चीन भी आगे आया। इस महीने की शुरुआत में फिक्की के एक कार्यक्रम में भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान अग्रिम मोर्चे पर था और चीन ने उसे हर संभव समर्थन दिया।

पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध हमेशा तनावपूर्ण रहे हैं, और चीन भी पाक के जरिए भारत को घेरने की कोशिश करता रहा है, लेकिन यह सब इतने खुलेआम इससे पहले कभी नहीं हुआ। कारगिल युद्ध या मुंबई हमलों के बाद भी भारत-पाक के बीच तनाव बढ़ा था, दोनों देशों के बीच कई बार मैच रद्द होने, कलाकारों को रोकने जैसी नाराजगी दिखाई गई है। लेकिन इन सबके साथ संवाद हमेशा चलता रहा, मोदी सरकार ने उसे भी बंद कर दिया है। अपने शपथग्रहण में पाक को दावत देने से लेकर नवाज शरीफ के घर खुद दावत में अचानक पहुंच जाने वाले श्री मोदी को शायद इस बात का डर है कि अगर उन्होंने पाक पर सख्ती दिखाने के साथ ही संवाद भी जारी रखा तो इससे उनकी राष्ट्रवादी छवि को धक्का लगेगा और देश का एक बड़ा तबका, जिसे भाजपा ने ही उग्रराष्ट्रवाद की घुट्टी पिलाई है, वो नाराज हो जाएगा। इस तबके को खुश रखने के लिए भाजपा ने चुनाव में विरोधियों के वोट काटने के लिए पाकिस्तान विरोधी बातें कहते हैं। हालांकि मोदी सरकार के समझदार लोग भी यह जानते होंगे कि पाकिस्तान से अबोला रखकर समस्याएं और बढ़ेंगी, सुलझेंगी नहीं।

दक्षिण एशिया में एक नए क्षेत्रीय संगठन की स्थापना की हलचल ऐसी ही एक समस्या दिखाई दे रही है। पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन और पाकिस्तान मिलकर ऐसा संगठन बना सकते हैं, जो अब लगभग निष्क्रिय हो चुके सार्क की जगह ले लेगा। इस पहल के जरिए शायद भारत को यह संदेश देने की कोशिश है कि क्षेत्रीय समूह भारत के बिना और चीन के नेतृत्व में भी बनाए जा सकते हैं। बता दें कि सार्क का आखिरी सम्मेलन 2014 में हुआ था, इसके बाद 2016 में इस्लामाबाद में प्रशतावित शिखर सम्मेलन का भारत ने बहिष्कार कर दिया था। भारत ने उरी आतंकी हमले के बाद यह कदम उठाया था, इसके बाद बांग्लादेश, भूटान और अफगानिश्तान ने भी सम्मेलन से किनारा कर लिया था। लेकिन पाकिस्तान के बहिष्कार के बावजूद भारत बाकी दक्षेस देशों को इस बात के लिए राजी नहीं कर सका कि वे पाक को अलग-थलग कर दें। ये देश भारत और पाक दोनों के साथ अपने-अपने श्तरों पर दोश्ती निभाते रहे।

भारत चाहता है कि वह किसी भी क्षेत्रीय समूह में 'केंद्र शक्ति' के रूप में उसे स्वीकार किया जाए, लेकिन अन्य देश इसे विभिन्न कारणों से स्वीकार नहीं करते हैं। ऐसे में मोदी सरकार को यह सोचना चाहिए कि क्यों उसकी बात को द.एशिया के देश सुनने तैयार नहीं हैं। भारत और पाकिस्तान का आपसी तनाव शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) जैसे बहुपक्षीय मंच पर भी दिख रहा है। इसमें भी चीन पाकिस्तान के साथ अपनी नजदीकी को निःसंकोच दिखा रहा है।

अब अगर चीन और पाकिस्तान कोई नया संगठन बनाते हैं और उसमें बांग्लादेश, अफगानिस्तान, नेपाल और मालदीव जैसे देश शामिल हो जाते हैं, तो भारत को जरूर चिंता होगी। भूटान को छोड़ दें तो कोई भी दक्षिण एशियाई देश शायद भारत के साथ खड़ा नहीं होगा। यानी भारत के लिए बड़ी चुनौती खड़ी होने वाली है, ऐसे में भारत को सार्क को पुनर्जीवित करने के लिए गंभीर प्रयास करने चाहिए और पाकिस्तान के साथ किसी न किसी रूप में संवाद शुरू करना चाहिए, ताकि अगली सार्क बैठक के समय प्रधानमंत्री मोदी पाकिस्तान की यात्रा कर सकें।

भारत को अपने अन्य सार्क पड़ोसी देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को भी बेहतर बनाने के लिए काम करना चाहिए। यह सब करना इसलिए जरूरी है क्योंकि अब वैश्विक ताकतें फिर अपने खिलाफ आवाज उठाने वालों को धमकी दे रही हैं। अभी रूस के साथ व्यापार संबंध रखने पर नाटो प्रमुख मार्क रूट ने सीधे तौर पर भारत, चीन और ब्राजील को धमकी दी है। उन्होंने दो टूक कहा कि अगर यह तीनों देश रूस से व्यापार जारी रखते हैं तो नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहें। नाटो प्रमुख मार्क रूट ने कहा, 'सुनिए.. अगर आप चीन के राष्ट्रपति हैं, या फिर भारत के प्रधानमंत्री हैं या फिर ब्राजील के राष्ट्रपति हैं और आप अभी भी रूसियों के साथ बिजनेस कर रहे हैं और उनका तेल और गैस खरीद रहे हैं, तो आप समझ लीजिए कि अगर मॉस्को में बैठा वो आदमी शांति वार्ता को गंभीरता से नहीं ले रहा है तो मैं 100 फीसदी का सेकेंडरी सैंक्शंस लगाने जा रहा हूं।'

उन्होंने कहा कि अगर यह तीनों देश रूस के साथ व्यापार करना जारी रखते हैं तो उन पर सेकेंडरी सैंक्शंस बहुत भारी पड़ सकते हैं। यह सैंक्शंस अमेरिका द्वारा इन देशों पर लगाया जा सकता है। बता दूं कि नाटो प्रमुख ने यह बात बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों के साथ बैठक के दौरान कही। खास बात यह है कि एक दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के लिए नए हथियारों की घोषणा की, साथ में रूस से सामान खरीदने वाले देशों पर कठोर टैरिफ लगाने की धमकी भी दी है। मार्क रूट ने कहा है कि व्लादिमीर पुतिन को फोन करें और उन्हें बताएं कि उन्हें शांति वार्ता के बारे में गंभीर होना होगा, वरना इसका ब्राजील, भारत और चीन पर व्यापक रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

विश्व राजनीति में धमकियों की अपनी भाषा और इतिहास रहा है। भारत ने भी इनका सामना किया है, लेकिन अब भारत क्या करेगा, यह देखना होगा। क्योंकि श्री मोदी से पहले कभी किसी प्रधानमंत्री ने विदेशी दौरों में लपक-लपक कर राष्ट्राध्यक्षों को गले लगाया, न उनसे निजी दोश्ती के ऐसे दावे किए कि हम तो तू तड़ाक की भाषा में बात करते हैं।

बल्कि हर प्रधानमंत्री ने अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक तकाजों के अनुरूप व्यवहार किया। इसलिए जब भी भारत को अलग-थलग करने की कोशिशें हुईं, तो वो नाकाम हो गईं। अब नाटो की धमकी पर चीन और ब्राजील क्या कहेंगे, यह पता नहीं, क्योंकि इन दोनों देशों ने कभी खुलकर डोनाल्ड ट्रंप के लिए वोट नहीं मांगे, न उन्हें अपना डियर फ्रेंड बताया। जबकि मोदी ऐसा करके खुद को फंसा चुके हैं।

# क्या महाराष्ट्र को दोहराएगा बिहार चुनाव?



अर्जुन देशप्रेमी

बिहार में अक्टूबर-नवम्बर में चुनाव होने हैं। इस बीच चुनाव आयोग ने सघन मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाना आरम्भ किया जिसे लेकर विपक्ष की तरफ से भारी विरोध और हो-हल्ला मचाया जा रहा है। इसे लेकर अबतक जो कुछ देखने में आ रहा है, उसमे ऐसा लगता है कि कहीं विपक्ष अपने ही जाल में तो नहीं उलझ गया है। या भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने उसे फंसा दिया है।

हो ये रहा है कि विपक्ष जितना इस मुद्दे को उठा रहा है, सनातनी वोट उतना ही सत्तापक्ष की ओर मुड़ता दिख रहा है। सनातनी के मन में यह बात बैठ रही है कि विपक्ष को सिर्फ मुसलमानों, बांग्लादेशियों, रोहिंगियाओं के वोट की चिंता है। तेजस्वी, राहुल गाँधी इनके वोटों के लिए लड़ रहे हैं, पर इनको सनातनियों की कोई चिंता नहीं है।

ऐसे में जैसे महाराष्ट्र में चुनावों से पहले इंडी गठवंधन को लग रहा था कि वह आसानी से चुनाव जीत जायेगा, पर हुआ इसका उल्टा। विपक्ष का वहां सफाया जैसा हो गया जिसकी टीस आज भी राहुल गाँधी को उठती रहती है और जिसके लिए वह चुनाव आयोग पर हार का ठिकड़ा फोड़ते रहते हैं। पर क्या इस बार बिहार में कुछ ऐसा ही तो नहीं होने जा रहा है जिसका भान विपक्ष को हो नहीं पा रहा है, या उसे अभी से इसका भान हो गया है और वह कुछ कर नहीं पा रहा है सिवाय हल्ला मचाने के। और यह हल्ला भी उसके विरुद्ध ही तो नहीं जा रहा है।

जिस तरह से अभी दोनों ओर से मोर्चाबंदी हो रही है, उसमें अगर लालू प्रसाद यादव की पार्टी आरजेडी, राहुल गाँधी की पार्टी कांग्रेस और उनके सहयोगी दल 50 सीटों से भी नीचे सिमट जायें तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए जबकि हाल के दिनों में हुए कई सर्वे उसे बहुमत दिलाते दिख रहे हैं।

हाल ही में अलग-अलग एजेंसियां और मीडिया संस्थान सर्वेक्षण (ओपिनियन पोल) जारी किये हैं। कुछ सर्वेक्षणों के अनुसार, महागठबंधन (राजद, कांग्रेस और लेफ्ट) को बहुमत मिल सकता है, जबकि एनडीए (जदयू-भाजपा गठबंधन) को कुछ सीटों का नुकसान होने का अनुमान है।

पोल ट्रैकर के सर्वे के मुताबिक, महागठबंधन को 44.2% वोटों के साथ 126 सीटें मिलने का अनुमान है, जो बहुमत के आंकड़े को पार करता है। वहीं, एनडीए को 112 सीटें मिल सकती हैं। नवभारत टाइम्स के एक सर्वे में भी मुख्यमंत्री पद की पहली पसंद के तौर पर तेजस्वी यादव को आगे दिखाया गया है (3.3% लोगों की पसंद), जबकि नीतीश कुमार 35.6% लोगों की पसंद हैं। इस सर्वे में यह भी सामने आया है कि 51.2% लोगों के लिए बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है।



सी-वोटर के अलग-अलग सर्वे में भी तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में सबसे आगे नजर आ रहे हैं। पर ये सारे सर्वे साफ लिख रहे हैं हैं कि चुनाव से पहले ये सिर्फ अनुमान होते हैं और वाश्तविक परिणाम कई कारकों पर निर्भर करते हैं।

वर्तमान में वोटर लिस्ट का वेरिफिकेशन चल रहा है, जिससे लगभग 35 लाख नामों के कटने का अनुमान है। दरअसल ये ऐसे लोग हैं जो या तो बांग्लादेशी हैं, या रोहिंगिया या नेपाली जिनके आधार कार्ड फर्जी तरीके से बने हैं। इनमें बड़ी संख्या में वैसे लोग भी हैं जो घुसपैठ करके आते हैं, यहाँ की मतदाता सूचियों में येन केन प्रकारें नाम शामिल कराते हैं और फिर इन पहचान पत्रों के आधार पर देश के दूसरे हिस्सों में जाकर बस जाते हैं। बड़ी संख्या में ऐसे लोग दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, गुजरात आदि में देखे जाते हैं जहाँ अवैध कब्जे कर ये घर बना लेते हैं। पर वोट के समय वे बिहार में पहुंचते हैं और वोट कर देते हैं।

इनको उन नेताओं की मदद करनी होती है, जिन्होंने इनको आधार कार्ड, राशन कार्ड या दूसरे पहचान पत्र बनवाने में मदद की होती है। साथ ही इससे इनको दूसरे सरकारी लाभ लेने में भी मदद मिलती है। इसका भी नतीजों पर असर पड़ सकता है। यानि फिलहाल, कोई भी निश्चित रूप से नहीं कह सकता कि कौन जीतेगा, क्योंकि राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदलता रहता है।

पर इनमें से किसी ने भी इसका आंकलन नहीं किया है कि बिहार में महाराष्ट्र की तर्ज पर ही सनातन धर्मावलम्बी एकजुट हो रहे हैं और उनका ध्रुवीकरण हो रहा है।

इसका साफ कारण यह है कि इंडी गठबंधन की तरफ से जिस तरह की बयानबाजी हो रही है, उससे साफ है कि वे फिर से मुस्लिम वोटों पर ही नज़र गड़ाए हुए हैं। न तो ये सनातनी वोटों के लिए कोई बात कर रहे हैं, न ही उनको इनकी चिंता है। वे मानकर चल रहे हैं कि इनका एक बड़ा वर्ग तो इन्हें वोट करेगा ही।

खासकर यादव वोट। यादव और मुस्लिम वोटों के जरिये ये सत्ता पा जायेंगे। अगर आप बिहार के गावों में इमानदारी से लोगों का मन टटोलें तो साफ दिखता है कि सनातनी लोग ठीक उसी तरह से गोलबंद हो रहे हैं जिस तरह मुस्लिम लोग। ऐसा मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में साफ दिखा भी है।

अब यह बिहार में भी दिख रहा है जिसे विपक्ष के नेता देखना नहीं चाहते हैं। बागेश्वर बाबा की रैली इसकी एक बानगी थी, जिसे देखकर भी विपक्ष अनदेखा कर रहा है।

और ऊपर से तुर्रा यह कि बिहार के वोटर लिस्ट से 35 लाख लोगों के नाम कट रहे हैं, कुल संख्या एक करोड़ से भी ऊपर भी जा सकती है।

यह वोट बैंक मना जाता है कि विपक्षी दलों का ही है, खासकर मुसलमानों के वोट। अगर ऐसा हुआ तो लगभग 50 से 60 वैसे सीटों पर विपक्ष का खेल बिगड़ सकता है। और कुल मिलाकर विपक्ष के सत्ता में आने के सपने पर पानी फेर सकता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन।सी।आर। प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा

**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www lncrtoday lin **ई-मेल:** todayncr@gmail।com >> ncrtoday@hotmail।com **RNI**-UPHIN/2009/30721

## संक्षिप्त समाचार

### किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को सात साल की जेल

**उन्नाव , एजेंसी।** न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले युवक को सात साल कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 10 हजार रुपये के अर्थदंड भी लगाया गया है।

औरास थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने दो अक्तूबर 2017 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी को क्षेत्र के रामपुर गढ़ौवा निवासी हजारी बहला फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की थी। करीब एक सप्ताह बाद किशोरी को लुधियाना से खोज लिया था। किशोरी ने बताया था कि हजारी उसे धमकाकर लुधियाना ले गया था, और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने हजारी के खिलाफ पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा था। पुलिस सात नवंबर 2017 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। विशेष सत्र न्यायाधीश एकादश पॉक्सो एक्ट की न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे की बुधवार को सुनवाई पूरी हुई। दोष साबित होने पर, न्यायाधीश विवेकानंद विश्वकर्मा ने हजारी को सात साल कारावास की सजा सुनाई।

### ननद-भाभी में मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**कानपुर , एजेंसी।** घरेलू विवाद के चलते ननद व भाभी आमने सामने आ गईं और एक-दूसरे के साथ मारपीट करने लगीं। इसी दौरान वहां मौजूद किसी ने मारपीट का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर वायरल कर दिया। थाने पहुंचे दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि घरेलू विवाद के चलते दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### 12 लाख से अधिक सालाना कारोबार पर लें बड़ा लाइसेंस

**तिर्वा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कस्बे में खाद्य सुरक्षा को लेकर बुधवार को एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने मिठाई, नमकीन, बेकरी व डेयरी उत्पाद विक्रेताओं की दुकानों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, साफ-सफाई और लाइसेंस की अनिवार्यता का निरीक्षण किया। बताया कि जिन दुकानदारों का सालाना कारोबार 12 लाख रुपये से अधिक है, उन्हें बड़ा लाइसेंस लेना अनिवार्य है।

सहायक सहायक आयुक्त (खाद्य) उमेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में अरविंद साहू, मंजरी मिश्रा और सर्वेश कुमार की टीम ने कस्बे की विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया। मिठाई की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजरी मिश्रा ने दुकानदारों को मिठाइयों में मिलावट न करने और उचित लेबल सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मिठाई के निर्माण में प्रयुक्त सामग्रियों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। अभियान के अंतर्गत दुकानदारों को फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नियमों की जानकारी दी गई और उन्हें समय-समय पर खाद्य पदार्थों की जांच व साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। टीम ने चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले मिलावटी खाद्य विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी खाद्य व्यवसायी के लिए लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है।

### युवक का घर के पास पेड़ पर फंदे से लटका मिला शव

**सोनिक (उन्नाव) , एजेंसी।** मांधाताखेड़ा गांव में बुधवार दोपहर ढाई बजे युवक का शव घर के पास पेड़ में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि उसने दो शादियां की थी, इसलिए वह परेशान रहता था। दही थानाक्षेत्र के मांधाता खेड़ा निवासी अनिल (35) शटरिंग का काम करता था। वह मां सावित्री के साथ रहता था। पत्नी अंजू से अप्रैल महीने में मारपीट के बाद वह शुक्लागंज में अपनी बहन के घर के पास में किराए का कमरा लेकर बेटी प्रीता और प्रज्ञा के साथ रह रही थी। मां सवित्री के मुताबिक बेटे की दूसरी पत्नी रीना थी, उसका भी एक बेटा अजय था।

# यूपी के प्राचीन शिव मंदिरों का कायाकल्प करेगी सरकार

**लखनऊ , एजेंसी।** पर्यटन विभाग, यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लि. और यूपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. के सहयोग से प्रदेश भर में पर्यटन ढांचे को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू करने की तैयारी है। इसके तहत सरकार कई प्राचीन शिव मंदिरों का कायाकल्प करेगी। इनमें से अधिकांश मंदिर, पिछली सरकारों में उपेक्षा के कारण दुर्दशा के शिकार थे। बीते आठ साल में प्रदेश सरकार ने 188 प्राचीन मंदिरों का कायाकल्प व सौंदर्यीकरण कराया है। सीएम के निर्देश से हो रहे इन कार्यों से न सिर्फ धार्मिक पर्यटकों व तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ रही है बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को भी बल मिल रहा है। इसी क्रम में आगरा के फतेहाबाद में भट्ठा की पिपरी मौजा मेवाली खुर्द स्थित शिव मंदिर परिसर, फिरोजाबाद में चकलेश्वर महादेव मंदिर और समौर बाबा मंदिर क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के कार्य यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लि. से कराने की तैयारी है। गोरखपुर में भूलेश्वर मंदिर, खजनी महादेव शिव मंदिर और झारखंडी महादेव मंदिर के साथ गोंडा



में तीरे मनोरमा मंदिर का पर्यटन विकास यूपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. द्वारा किया जाएगा। तो मैनपुरी जिले में घंटाघर का सौंदर्यीकरण यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लि. से कराया जाएगा। वहीं, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मिर्जापुर मंडल के तीन जिलों मिर्जापुर, भदोही और सोनभद्र में ग्रामीण पर्यटन विकास रणनीति तैयार करने और ग्रामीण होमस्टे विकसित करने के लिए एक एजेंसी का चयन किया जा रहा है। इसके तहत कुल 8 गांव में इस योजना को लागू करते हुए ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

### रोजगार और आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

पर्यटन के माध्यम से स्थानीय हस्तशिल्प, खाद्य उत्पादों और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। इन पर्यटन विकास परियोजनाओं से होटल, रेस्तरां, परिवहन, गाइड सेवाओं और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में नए रोजगार के द्वार खुल रहे हैं।

### यूपी बन रहा देश का अग्रणी पर्यटन गंतव्य

उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी पर्यटन गंतव्य स्थल बन रहा है। प्रदेश सरकार हैरिटेज पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है। सरकार 11 विरासत स्थलों को विकसित करने की रूपरेखा बना चुकी है।

## सजधज कर अपनी 41 वीं वर्षगांठ पर नई दिल्ली के लिए रवाना हुई प्रयागराज एक्सप्रेस



**प्रयागराज , एजेंसी।** प्रयागराज जंक्शन से नई दिल्ली जाने वाली प्रयागराज एक्सप्रेस बुधवार को 41 वर्ष की हो गई। वीआईपी ट्रेन प्रयागराज की वर्षगांठ के मौके पर ट्रेन को विशेष साज सज्जा की गई। इस खास मौके पर प्रयागराज एक्सप्रेस के पहले सफर के साक्षी रहे सेवानिवृत्त लोको पॉयलट डीएन सक्सेना एवं कोच कंडक्टर रहे शीतला प्रसाद श्रीवास्तव भी सपरिवार जंक्शन पहुंचे। इन दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने ही प्रयागराज एक्सप्रेस के 41 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर केक भी काटा।

केक काटने के बाद दोनों ही सेवानिवृत रेलकर्मियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। डीएन सक्सेना ने बताया कि पहले सफर के दौरान उनकी ड्यूटी लोको पॉयलट डा. नकीब उद्दीन के साथ ट्रेन में लगी थी। तब वह प्रयागराज जंक्शन से कानपुर तक ट्रेन को ले गए थे। पहले सफर में ही ट्रेन कानपुर के साथ नई दिल्ली स्टेशन समय से पहले पहुंची। तब इसकी रवानगी का समय रात नौ बजे था और सुबह छह बजे ट्रेन नई दिल्ली पहुंच जाती थी।

# कांवड़ मार्ग पर दौड़ रहे वाहन, पिकअप से कुचलकर राजस्थान के कांवड़िये की मौत

**मेरठ , एजेंसी।** कांवड़ यात्रा शुरू होने के बावजूद कांवड़ मार्गों पर वाहन दौड़ रहे हैं। सरधना थाना क्षेत्र के चौधरी चरण सिंह गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर नानू पुल के पास राजस्थान के अलवर जनपद के चांदौली थाने के गांव गांव डेहरा निवासी कांवड़िया लेखराम (45) को पिकअप गाड़ी ने कुचल दिया। हादसा मंगलार सुबह हुआ और मेडिकल ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद डीआईजी कलानिधि नैथानी ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। वहीं, एनएच-58 पर दो सड़क हादसों में तीन कांवड़िये घायल हो गए।

एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा के मुताबिक, लेखराम अपने छह साथियों के साथ शुक्रवार को कांवड़ लेकर अलवर जा रहे थे। मंगलवार सुबह अपने साथी सुनील के साथ कुछ दूरी ही चला था। जबकि उसके चार साथी पीछे चल रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। सुनील ने एंबुलेंस की मदद से घायल कांवड़िये लेखराम को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उनकी हालत गंभीर देखते हुए मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया। मेडिकल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। कांवड़िये की मौत से प्रशासन में हडकंप मच गया। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने घटना के बाद मौके पर पहुंचकर सुरक्षा की जायजा लिया। लापरवाही को लेकर उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को जमकर पटकार लगाई। पीड़ित पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। एसपी देहात ने बताया कि पुलिस ने अपनी ओर से मामला दर्ज कर लिया है। हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर भाग गया। कांवड़ पटरी मार्ग पर लगे सीसीटीवी की मदद से पिकअप और चालक की तलाश की जा रही है। गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर हर तरह के वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है।

## बरेली में ऑटो चालक को आया हार्ट अटैक, दरोगा ने सीपीआर देकर बचाई जान




**बरेली , एजेंसी।** बरेली में सेटेलाइट बस अड्डे के पास बुधवार शाम ऑटो चला रहे चालक को अचानक हार्ट अटैक आ गया। चालक की हालत बिगड़ता देख वहां ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस के दरोगा और सिपाही ने सीपीआर देकर उनकी जान बचा ली। हालत में सुधार होने पर ऑटो चालक ने दरोगा और सिपाही को आभार जताया और दुआएं दीं।

ऑटो चालक टिंकू गुप्ता ने बताया कि उनकी बाईपास सर्जरी हो चुकी है। वह महीने भर पहले स्वस्थ हुए हैं। परिवार का भरण-पोषण करने के लिए दोबारा ऑटो चलाने लगे हैं। बुधवार शाम जब वह सेटेलाइट बस अड्डे पर अपने ऑटो में सवारी बैठाकर चलने वाले थे, तभी उन्हें हार्ट अटैक आ गया।

**सीपीआर देकर बचाई जान :** चालक की हालत बिगड़ता देख ऑटो में बैठी सवारियां घबरा गईं। इस दौरान सेटेलाइट पुलिस चौकी पर ड्यूटी कर रहे टीएसआई सत्यवीर सिंह और हेड कांस्टेबल इरशाद दौड़कर मौके पर पहुंच गए। दरोगा ने टिंकू की हालत बिगड़ता देख तत्काल सीपीआर देने का काम किया, जिससे वह होश में आ गए। हालत में सुधार होने पर उन्हें पानी पिलाया, फिर उन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। पुलिसकर्मी की मदद से ऑटो चालक टिंकू गुप्ता की जान बच गई और उन्होंने बरेली पुलिस का आभार जताया।

# मुझे कमरे में बंद करके पीटा... कई दिन भूखा भी रखा, पति ने तलाक मांगा तो हाथ-पैर पर सुसाइड नोट लिख दी जान





**बागपत , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले से दिल दहालने वाला मामला सामने आया है। सात जन्म तक साथ निभाने का वादा करने वाले पति ने दो साल बाद ही बागपत जिले के रठौड़ा गांव की मनीषा (24) से तलाक मांग लिया। इस पर महिला ने मंगलवार रात कीटनाशक निगल कर खुदकुशी कर ली। परिजनों को उसका शव बुधवार की सुबह घर में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जान देने से पहले मनीषा ने अपने शरीर पर सुसाइड नोट लिखा और उसमें अपनी मौत के लिए पति समेत अन्य ससुराल वालों को जिम्मेदार बताया।

कीटनाशक निगलने से पहले मनीषा ने शादी के बाद अपनी हर पीड़ा को हाथ और पैर पर लिखा। उसने सुसाइड नोट में लिखा कि मेरी मौत के जिम्मेदार पति, सास, ससुर और दो देवर हैं, जो रठौड़ा आकर मेरे पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी देकर गए हैं। उसने लिखा कि पति ने मेरी बहुत पिटाई की और कमरे में बंद करके कई दिनों तक भूखा भी रखा।

इसके बाद दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर गोलियां खिलाकर मेरा गर्भपात भी कराया गया। गांव में हुई पंचायत में पति ने मुझे जान से मारने की धमकी भी दी और गांव वालों के सामने मेरे परिवार वालों की बेइज्जती करके तलाक के लिए कहा।

**दो बार पंचायत के बाद भी नहीं बनी बात:** रठौड़ा निवासी विवेक ने बताया कि वर्ष 2023 में मनीषा की शादी में दहेज में बुलेट बाइक दी गई थी। इसके बाद ससुराल वाले ज्यादा दहेज मांगने लगे। आरोप लगाया कि मांग पूरी नहीं होने पर मनीषा को उसका पति शराब पीकर कमरे में बंद करके पीटता था।

बताया कि शादी के पांच माह बाद ही अपनी बहन को लेकर रठौड़ा आना पड़ा। गांव समाज के लोगों की पंचायत हुई तो दो बार दोनों पक्षों में समझौता हुआ लेकिन ससुराल में मनीषा का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। मृतका मनीषा चार भाई बहनों में तीसरे नंबर की थी। उसके बड़े भाई विवेक की शादी हो चुकी है, जबकि दो भाई अविवाहित हैं।

**यह है पूरा मामला:** रठौड़ा गांव के रहने वाले गाजियाबाद एमसीडी कर्मी तेजवीर ने बताया कि उसने अपनी बेटी मनीषा की शादी वर्ष 2023 में सिद्धिपुर जिला गाजियाबाद के रहने वाले युवक के साथ की थी। शादी के पांच माह बाद ही बेटी के ससुराल वाले दहेज में थार गाड़ी और लाखों रुपये की मांग करने लगे।

आरोप है कि दहेज नहीं देने पर मनीषा का ससुराल में उत्पीड़न किया गया और उसका गर्भपात भी करा दिया गया। वे जुलाई 2024 में मनीषा को मायके ले आए। तेजवीर ने बताया कि चार दिन पहले ससुराल पक्ष के लोगों के साथ बातचीत हुई। पंचायत में रिश्तेदार व अन्य लोग भी रहे और दोनों पक्षों में तलाक के लिए सहमति बन गई।

**मनीषा ने फसलों में डालने के लिए रखा कीटनाशक निगला:** इसके बाद पति ने मनीषा से तलाक के कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। तभी से मनीषा उदास रहने लगी। मंगलवार देर रात मनीषा ने घर में माता सुनीता, नीरज, बाबा जयभगवान, भाई रितिक और हार्दिक के सोने के बाद फसलों में डालने के लिए रखा कीटनाशक निगल लिया।

बुधवार की सुबह परिवार वालों को नींद से जागने पर मनीषा का शव पड़ा हुआ मिला। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम से घटनास्थल की जांच कराई और ग्रामीणों से भी पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, मामले में जांच की जा रही है और शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में सुबह से हो रही है लगातार बारिश, कई स्कूलों में कर दी गई छुट्टी



**प्रयागराज , एजेंसी।** जनपद में बृहस्पतिवार के दिन की शुरुआत भारी बारिश और तेज आंधी के साथ हुई। इससे जनजीवन अस्तव्यवस्थ हो गया है। इस बारिश को किसानों के लिए जहां फायदेमंद माना जा रहा है वहीं शहर और नगरीय इलाकों में यह आफत बन गई है। बारिश के चलते बिशप जॉनशन स्कूल एंड कॉलेज और आईपीईएम इंटरनेशनल स्कूल में भी छुट्टी कर दी गई है। इसके अलावा कई स्कूलों ने बरसात के कारण स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। तेज बारिश और हवाओं के झोंके के चलते दफ्तर जाने वालो के साथ ही यात्रा पर जाने वालों को काफी दिक्कत हुई। लोग रेन कोट और छाता लेकर निकले। सबसे ज्यादा दिक्कत सवारी वाहनों और दो पहिया वाहन से यात्रा करने वालों को हुई।

बारिश के कारण अल्लापुर, दारागंज, राजरूपपुर, धूमनगंज, कटरा, जानसेनगंज, मुट्ठीगंज, सिविल लाइंस आदि इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया है। सिविल लाइंस से पुराने शहर को जाने वाले निरंजन पुल के नीचे पानी भरने के कारण लोगों को काफी दिक्कत हुई। यही स्थित हाइकोर्ट पानी टंकी से लीडर रोड को जोड़ने वाले पुल के दोनों तरफ रही। जल भराव के चलते लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। गंगा और यमुना पहले से ही उफान पर हैं। कछारी इलाकों के लोग पलायन की तैयारी में हैं। सामान पैक करके गंतव्य स्थान को निकलने की तैयारी कर रहे हैं। बारिश के चलते उनकी परेशानी और भी बढ़ गई है।

### हाईकोर्ट से नहीं जारी होगी प्रतिकूल प्रविष्टि

इलाहाबाद हाईकोर्ट से बृहस्पतिवार को कोई प्रतिकूल प्रविष्टि जारी नहीं किया जाएगा। बारिश के कारण मुकदमो में सुनवाई के लिए कोर्ट में हाजिर न हो पाने वाले वादकारियों के खिलाफ आज हाईकोर्ट प्रतिकूल आदेश नहीं जारी करेगा। बारिश को देखते हुए हाईकोर्ट ने यह राहत वादकारियों और अधिवक्ताओं को दी है। इसका आदेश भी जारी कर दिया गया है।

# छांगुर के शहजाद से भी मिले कनेक्शन, एक करोड़ दिया गया था... पुणे में भी होगी जांच, ईडी की कार्रवाई जारी



**बलरामपुर , एजेंसी।** अवैध धर्मांतरण के आरोप में एटीएस की ओर से गिरफ्तार किए गए जमालुद्दीन उर्फ छांगुर मामले में प्रवर्तन निदेशालय 14 ठिकानों पर तलाशी ले रहा है, जिनमें से 12 उत्तर प्रदेश के बलरामपुर के उतरौला में और दो मुंबई में हैं। तलाशी आज सुबह 5 बजे शुरू हुई। ईडी ने उसके कांप्लेक्स की पड़ताल के साथ ही मधुपुर स्थित उसके आवास को भी खंगालना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही ईडी छांगुर के करीबियों के घरों पर पहुंच कर छानबीन कर रही है। छांगुर को मधपुर में जमीन बेचने वाले पूर्व प्रधान जुम्मन के घर भी ईडी ने दस्तक दे दी। वहीं, सुबह से शहर के अन्य ठिकानों पर ईडी जांच कर रही है।

प्रवर्तन निदेशालय की टीम उतरौला के 12 ठिकानों के साथ ही मुंबई में भी छानबीन कर रही है। मुंबई के शहजाद शेख के घर ईडी पहुंच गई है। इसके अलावा एक और ठिकाने की पड़ताल कर रही है। पुणे में भी जांच की तैयारी है। सूत्रों की मानें तो शहजाद के खाते में एक करोड़ जमा हुए थे। ईडी छांगुर की ओर से रुपए के बंटवारे का तार जोड़ने में जुटी है।

इससे पहले, उतरौला में बुधवार की देर रात एसटीएफ की टीम पहुंची थी। रात करीब 11 बजे उतरौला बस अड्डा रोड पर टीम पहुंची। वहां एक बैंक के सामने खड़ी बाइक पर बैठे एक युवक से एसटीएफ ने पूछताछ की। इसके बाद उसे बैठा लिया। बाद में पता चला एसटीएफ की टीम ने छांगुर के भतीजे सोहराब को हिरासत में लिया है। इस पर आजमगढ़ में धर्मांतरण कराने का आरोप है। हालांकि, पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, अवैध धर्मांतरण के आरोपी छांगुर के ठिकानों की पड़ताल बृहस्पतिवार की सुबह से ही शुरू हो गई। एटीएस के साथ ही ईडी की टीम ने भी छानबीन तेज कर दी है। उतरौला पहुंची टीम ने छांगुर से जुड़े करीब 12 ठिकानों की पड़ताल की। उतरौला में बने छांगुर के प्रतिष्ठान का ताला खुलवा कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि छांगुर के दूसरे जिलों और प्रदेशों में ठिकानों की छानबीन भी हो रही है। ईडी छांगुर मामले में मनी लांड्रिंग के साथ ही विदेशी फंड की जांच कर रही है। उतरौला में सुबह से ही टीम पड़ताल में जुटी है।

### कांप्लेक्स के साथ घर भी तलाश रही ईडी

जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के संपत्तियों की पड़ताल ईडी ने तेज कर दी है। उसके कांप्लेक्स की पड़ताल के साथ ही मधुपुर स्थित उसके आवास को भी ईडी ने खंगालना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही ईडी छांगुर के करीबियों के घरों पर पहुंच कर छानबीन कर रही है। छांगुर मधपुर में जमीन बेचने वाले पूर्व प्रधान जुम्मन के घर ईडी ने दस्तक दी। वहीं, सुबह से शहर के अन्य ठिकानों पर ईडी जांच कर रही है।

**एटीएस के गवाह पर छांगुर के गुर्गों ने किया हमला, बयान न बदलने पर दी हत्या की धमकी:** इससे पहले, अवैध धर्मांतरण के मामले में बयान न बदलने पर जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के गुर्गों ने एटीएस के गवाह हरजीत कश्यप पर हमला कर दिया। उन्हें बुरी तरह से पीटा और हत्या की धमकी दी। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रसूलाबाद निवासी हरजीत एटीएस के गवाह हैं।

उन्होंने छांगुर पर जबरन धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया है। इसी बात को लेकर हरजीत से छांगुर के गुर्गों रियाज, कमालुद्दीन व नव्वाब ने मारपीट की। हरजीत के अनुसार उन्हें धमकाया गया कि रसूलाबाद गांव पाकिस्तान है। यहां रहकर मुसलमानों से बगावत करते हो। इसका अंजाम तुम सबको भुगतना पड़ेगा। योगी सरकार कब तक रहेगी, जब यह सरकार जाएगी तो तुम्हें सबक सिखाया जाएगा। हरजीत ने बुधवार को बताया कि तीन जुलाई को लखनऊ में छांगुर पीर के खिलाफ सताए व जबरन धर्म परिवर्तन कराए जाने के मामले में बयान दिया था। पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।

हरजीत ने बताया कि वह सात जुलाई को दवा लेने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैड़ास बुजुर्ग जा रहे थे। उतरौला चौराहा डुमरियागंज रोड पर पहले से खड़े रियाज, कमालुद्दीन व नव्वाब ने रोक लिया और मारने लगे। जान-माल की धमकी दी। कहा कि 24 घंटे के अंदर लखनऊ जाकर बयान बदलो। पिटाई करते हुए कह रहे थे कि छांगुर के खिलाफ आवाज उठाने वालों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक उतरौला कोतवाली अवधेश राज सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा

राजकीय संग्रहालय, डैम्पियर नगर, मथुरा

**सार्वजनिक सूचना**

MVDA
मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण



BBL 2008
(last amended in 2023)

vs.



BBL 2025

## कार्यशाला

### "मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स, 2025"

के संबंध में उ॰प्र॰ सरकार द्वारा आम-जनमानस को मानचित्र स्वीकृत कराने हेतु भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के प्रविधानों का सरल रूप में प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा की जायेगी।

**दिनांकः 19 जुलाई 2025**

**समयः पूर्वाह्न 11:00 बजे**

**स्थानः उ॰प्र॰ ब्रज तीर्थ विकास परिषद सभागार, मथुरा**

### प्रमुख विषय

| Sr. No. | Title | Sr. No. | Title |
|---|---|---|---|
| 1. | Permissions for land development & building construction | 5. | Additional floor area ratio |
| 2. | Standards for land development & building construction | 6. | Model zoning regulations |
| 3. | Residential buildings | 7. | Compounding of building construction & development |
| 4. | Commercial buildings | 8. | Other important provisions |

सभी आर्किटेक्ट, इंजीनियर्स, बिल्डर्स, डेवलपर्स एवं अन्य इच्छुक नागरिक उक्त कार्यशाला मे प्रतिभाग कर सकते हैं। कृपया समय पर उपस्थित होकर नई भवन निर्माण उपविधि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने का कष्ट करें।

**प्रसून द्विवेदी (पी.सी.एस)**
विशेष कार्याधिकारी/सम्पत्ति अधिकारी
मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा

**अरविन्द कुमार द्विवेदी (पी.सी.एस.)**
सचिव,
मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा

**श्याम बहादुर सिंह (आई.ए.एस)**
उपाध्यक्ष,
मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा

**मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा**
राजकीय संग्रहालय, डैम्पियर नगर, मथुरा
Email: vcmvda2014@gmail.com | Website: www.mvdamathura.com

Follow us on